E PAPER

# थिंक राजस्थान

सोच नई, राजस्थान के लिए

वर्ष: 01 | अंक: 02 | पृष्ठ: 8 | अंग्रेजी/हिन्दी (साप्ताहिक) | जयपुर, गुरुवार 16 जुलाई, 2026 | मूल्य: ₹10.00 | प्रभात | RNI NO. RJMUL/26/A4290

## राजस्थान विधानसभा के 75 वर्ष पूर्ण होने पर 'अमृत महोत्सव' का भव्य आयोजन, वर्तमान व पूर्व विधायकों का महाकुंभ, लोकतंत्र में अटूट आस्था और जनकल्याण की आधारशिला है अमृत महोत्सव

जयपुर। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि विधानमंडल केवल कानून बनाने वाले संस्थान नहीं हैं, बल्कि वे लोकतंत्र की ऐसी 'पाठशालाएँ' हैं जहाँ जनप्रतिनिधि संवाद, अनुशासन, सहमति और सेवा के मूल्यों का संस्कार प्राप्त करते हैं। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को जनता के प्रति अपने दायित्वों का पूर्णतः बोध होना चाहिए, क्योंकि लोकतंत्र केवल संवैधानिक प्रावधानों से नहीं, बल्कि जनविश्वास, संवाद, गरिमा और सेवा-भावना से सुदृढ़ होता है। बिरला राजस्थान विधान सभा के 75वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित अमृत महोत्सव के अंतर्गत 'विधान गौरव यात्रा भूतपूर्व एवं वर्तमान सदस्यों का सम्मेलन' के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

बिरला ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। राजस्थान विधान सभा को अपने सार्वजनिक जीवन की "प्रथम पाठशाला" बताते हुए बिरला ने कहा कि इसी सदन में अर्जित लोकतांत्रिक मूल्य, संसदीय परंपराएँ और विधायी आचरण ने उन्हें छात्र नेता से विधायक, सांसद और अंततः लोक सभा अध्यक्ष बनने की यात्रा में मार्गदर्शन प्रदान किया।

उन्होंने कहा कि विधान सभा में उन्होंने संसदीय लोकतंत्र का वास्तविक स्वरूप समझा कि सुनने की संस्कृति और स्वस्थ बहस लोकतंत्र को समृद्ध बनाती है तथा इतिहास का निर्माण करती है, जबकि व्यक्तिगत मतभेद लोकतंत्र को कमजोर करते हैं। उन्होंने कहा कि सदन में होने वाली प्रत्येक बहस और प्रत्येक शब्द लोकतांत्रिक इतिहास का स्थायी हिस्सा बन जाता है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान विधानसभा के 75 वर्ष पूर्ण होने पर मनाया जा रहा अमृत महोत्सव लोकतंत्र में हमारी अटूट आस्था, जन-जन की आकांक्षाओं तथा प्रदेश की गौरवशाली लोकतांत्रिक यात्रा का ऐतिहासिक उत्सव है। वर्ष 1952 में 160 सदस्यों के साथ प्रारंभ हुई राजस्थान विधानसभा की यात्रा आज लोकतंत्र, सुशासन और जनकल्याण की मजबूत आधारशिला बन चुकी है। उन्होंने कहा कि समय के साथ सरकारें और विचारधाराएं बदलीं, लेकिन जनहित



सर्वोपरि रखने का संकल्प कभी नहीं बदला। मुख्यमंत्री ने कहा कि अमृत महोत्सव एक दिन का आयोजन नहीं है, बल्कि पूरे वर्ष चलने वाला लोकतांत्रिक महोत्सव है। इस दौरान संसदीय एवं संविधान विशेषज्ञों के विचार, लोकतंत्र की चुनौतियों पर विमर्श, विधानसभा के डिजिटल रूपांतरण पर चर्चा और नई पीढ़ी को संसदीय परंपराओं से जोड़ने जैसे अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे अनुभव, ऊर्जा, परंपरा और नवाचार का अद्भुत समागम देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह प्रदेशवासियों के विश्वास, जनप्रतिनिधियों के समर्पण और लोकतांत्रिक मूल्यों की सुदृढ़ परंपरा का उत्सव है। उन्होंने अनुभव और युवा ऊर्जा के इस अभूतपूर्व समागम को लोकतंत्र की असली पूंजी बताते हुए कहा कि जब एक युवा विधायक का आधुनिक दृष्टिकोण बुजुर्ग विधायकों के दशकों लंबे विधायी और सामाजिक अनुभवों से मिलता है, तो संसदीय परंपराएं और अधिक परिपक्व व समृद्ध होती हैं। देवनानी ने विधानसभा द्वारा जनहित में उठाए गए क्रांतिकारी कदमों का विशेष रूप से उल्लेख किया।

## पीयूष गोयल और मारोस शेफकोविच ने की भारत-ईयू एफटीए की प्रगति की समीक्षा, व्यापार और निवेश बढ़ाने पर जोर



नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को यूरोपीय संघ (ईयू) के व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस शेफकोविच से मुलाकात कर भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (इंडिया-ईयू एफटीए) के क्रियान्वयन की दिशा में हुई प्रगति की समीक्षा की।

पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि दोनों नेताओं ने व्यापार, निवेश, महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों (क्रिटिकल टेक्नोलॉजी) और मजबूत आपूर्ति श्रृंखलाओं (रेजिलिएंट सप्लाई चेन) में सहयोग बढ़ाने के नए अवसरों पर भी चर्चा की।

इस वर्ष मार्च में भी गोयल और शेफकोविच की मुलाकात कैमरून में आयोजित विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के 14वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी14) के दौरान हुई थी।

उस बैठक में भी दोनों पक्षों ने भारत-ईयू एफटीए को अंतिम रूप देने की दिशा में हो रही प्रगति की समीक्षा की थी।

भारत और यूरोपीय संघ के बीच एफटीए पर हस्ताक्षर की प्रक्रिया को जनवरी 2026 में नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन द्वारा किए गए ऐलान के बाद आगे बढ़ाया जा रहा है। इससे पहले भारत और बेल्जियम ने भी व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, लॉजिस्टिक्स और कार्यबल गतिशीलता (वर्कफोर्स मोबिलिटी) के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की थी।

## कैबिनेट ने ओडिशा और झारखंड में 3,907 करोड़ रुपए की दो रेलवे परियोजनाओं को दी मंजूरी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने बुधवार को ओडिशा और झारखंड के चार जिलों को कवर करने वाली 3,907 करोड़ रुपए की लागत वाली दो मल्टी-ट्रैकिंग रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दे दी। इन परियोजनाओं के तहत भारतीय रेलवे नेटवर्क में करीब 145 किलोमीटर का विस्तार होगा।

कैबिनेट के अनुसार, इन परियोजनाओं से रेलवे लाइन की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, जिससे ट्रेनों की आवाजाही अधिक सुगम बनेगी। इसके साथ ही भारतीय रेलवे की परिचालन क्षमता और सेवा विश्वसनीयता में भी सुधार होगा।

सरकार ने बताया कि प्रस्तावित मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं से करीब 1,526 गांवों को बेहतर रेल संपर्क मिलेगा, जहां लगभग 14 लाख की आबादी रहती है। इसके अलावा, इन परियोजनाओं से देश के कई प्रमुख पर्यटन स्थलों तक पहुंच भी आसान होगी। इनमें ललितगिरि बौद्ध परिसर, श्री बालदेवज्यू मंदिर और मेघाहातुबुरु हिल्स जैसे प्रमुख पर्यटन स्थल शामिल हैं। बयान में कहा गया कि रेलवे परिवहन पर्यावरण के अनुकूल और ऊर्जा दक्ष माध्यम है।

## कैबिनेट ने 'सेमीकॉन 2.0' योजना को दी मंजूरी, 1.27 लाख करोड़ रुपए से भारत में सेमीकंडक्टर निर्माण और चिप डिजाइन को मिलेगा बड़ा बढ़ावा



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को 'सेमीकॉन 1.0' की सफलता के बाद घरेलू सेमीकंडक्टर डिजाइन और विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए 'सेमीकॉन 2.0' स्कीम को मंजूरी दे दी है। इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए 1,27,500 करोड़ रुपए का बजट निर्धारित किया गया है। सरकार के अनुसार, अब तक 12 सेमीकंडक्टर विनिर्माण इकाइयों को मंजूरी दी जा चुकी है, जिनमें 1.64 लाख करोड़ रुपए से अधिक का कुल निवेश प्रस्तावित है। इनमें एक सिलिकॉन फैब, एक सिलिकॉन कार्बाइड फैब, एक इंटीग्रेटेड गैलियम नाइट्राइड माइक्रो एलईडी डिस्प्ले फैब और नौ पैकेजिंग यूनिट्स शामिल हैं। ये इकाइयां उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, औद्योगिक उपकरण, ऑटोमोबाइल, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार, एयरोस्पेस सहित कई क्षेत्रों की चिप जरूरतों को पूरा करेंगी। मंजूर की गई 12 परियोजनाओं में से माइक्रोन, केयन्स और सीजी सेमी ने व्यावसायिक उत्पादन शुरू कर दिया है, जबकि एक अन्य यूनिट के वर्ष 2026 में उत्पादन शुरू करने की उम्मीद है।

सरकार ने स्टार्टअप और एमएसएमई क्षेत्र को भी बढ़ावा दिया है। अब तक 24 सेमीकंडक्टर डिजाइन परियोजनाओं को वित्तीय सहायता के लिए मंजूरी दी गई है, जबकि 105 स्टार्टअप और एमएसएमई को उद्योग में इस्तेमाल होने वाले अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक डिजाइन ऑटोमेशन (ईडीए) टूल्स तक पहुंच उपलब्ध कराई गई है। कैबिनेट के बयान के अनुसार, 'सेमीकॉन 2.0' का उद्देश्य 'सेमीकॉन 1.0' से मिली गति को आगे बढ़ाते हुए भारत को वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग में एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करना है। सरकार ने बताया कि सेमीकॉन 2.0 छह प्रमुख स्तंभों (पिलर्स) पर आधारित होगा।

## महिला आरक्षण और परिसीमन विधेयक मानसून सत्र में पारित होने की संभावना

नई दिल्ली। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे ने बुधवार को विश्वास जताया कि आगामी मानसून सत्र में महिला आरक्षण और निर्वाचन क्षेत्र परिसीमन विधेयक पारित हो जाएंगे। राष्ट्रीय राजधानी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए शिंदे ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों की जनसंख्या बढ़कर लगभग 20 लाख से 25 लाख हो गई है। उन्होंने कहा कि इतने बड़े निर्वाचन क्षेत्रों में विकास कार्यों को अंजाम देना बेहद मुश्किल हो गया है। इसलिए, आम जनता को न्याय दिलाने के लिए निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन अत्यंत आवश्यक है।

उपमुख्यमंत्री शिंदे के साथ सांसद संजय देशमुख, संजय जाधव, भाऊसाहेब वाकचौरे, ओमराजे निंबालकर और नागेश पाटिल अष्टिकर भी मौजूद थे। महिला आरक्षण विधेयक पर अपना ध्यान केंद्रित करते हुए शिंदे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस निर्णायक कार्रवाई के लिए प्रशंसा की, जिस पर पहले केवल अंतहीन चर्चाएं ही होती रहीं थीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने इस विधेयक को पेश करने का साहस दिखाया।

## ब्रिटेन के पीएम स्टार्मर ने संसद को किया 'गुडबाय', बोले- ये मेरे राजनीतिक सफर का अंत

लंदन। कीर स्टार्मर ने बतौर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री आखिरी बार हाउस ऑफ कॉमंस को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उन्हें गर्व है कि वह देश को उस स्थिति से बेहतर हालात में छोड़कर जा रहे हैं, जैसी स्थिति में उन्होंने कार्यभार संभाला था। संसद में प्रश्नकाल के दौरान लेबर पार्टी की सांसद और स्टार्मर की करीबी सहयोगी कैरोलिन हैरिस ने कहा, 'जब स्टार्मर ने पार्टी का नेतृत्व संभाला था, तब बहुत कम लोगों को विश्वास था कि वह जरूरी बदलाव ला पाएंगे। आज उनके नेतृत्व की बदौलत बच्चे अधिक न्यायपूर्ण ब्रिटेन में बड़े हो रहे हैं और देश वैश्विक मंच पर मजबूती से खड़ा है।' हैरिस ने कहा कि पूरे कार्यकाल के दौरान स्टार्मर की शालीनता और साहस लगातार दिखाई दिया। उनकी बातों के जवाब में स्टार्मर ने उनका आभार व्यक्त करते हुए कहा, 'डिस्पैच बॉक्स से यह मेरा आखिरी जवाब होगा।'

## बंगाल की नई राजनीतिक पार्टी संसद के मानसून सत्र में कर सकती है एंट्री, फ्लोर लीडर का हुआ चुनाव

नई दिल्ली। नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) ने बुधवार को सोशल मीडिया पर कई पोस्ट कर अपनी संसदीय पार्टी के नेताओं को बधाई दी। पार्टी ने हाल ही में हुए बड़े राजनीतिक घटनाक्रम के बाद खुद को लोकसभा में एक प्रमुख ताकत के रूप में स्थापित करने का दावा किया है। इससे पहले पार्टी ने सुदीप बंद्योपाध्याय को लोकसभा में अपना फ्लोर लीडर, शताब्दी रॉय को उपनेता और काकोली घोष दस्तीदार को मुख्य सचेतक (चीफ व्हिप) नियुक्त किया था। दल बदल के बाद सुदीप बंद्योपाध्याय ने कहा था कि अब वे संसद में 'असली तृणमूल' का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने कहा कि इसकी शुरुआत 20 जुलाई से शुरू होने वाले मानसून सत्र से होगी।

बता दें कि अब तक ज्यादा चर्चा में नहीं रहने वाली एनसीपीआई ने एक भी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ा है, लेकिन पिछले महीने वह अचानक राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में आ गई। इसकी वजह यह रही कि तृणमूल कांग्रेस के 20 बागी सांसदों ने एनसीपीआई में विलय की घोषणा कर दी। कोलकाता स्थित मुख्यालय वाली इस पार्टी ने 2023 में त्रिपुरा विधानसभा चुनाव भी लड़ा था, जहां उसे कुल 822 वोट मिले थे। लोकसभा में तृणमूल के बागी सांसदों के शामिल होने के बाद एनसीपीआई अब सदन की पांचवीं सबसे बड़ी पार्टी और सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बाद दूसरी सबसे बड़ी सहयोगी पार्टी बनने का दावा कर रही है। एनडीए के अन्य प्रमुख सहयोगियों में आंध्र प्रदेश की तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के 16 और बिहार की जनता दल (यूनाइटेड) के 12 सांसद हैं। एनसीपीआई में शामिल सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर अपनी नई संसदीय पार्टी को मान्यता देने की मांग की है। साथ ही उन्होंने एनडीए को समर्थन देने की भी घोषणा की है, जो तृणमूल कांग्रेस के पहले के रुख से अलग है। हालांकि, विशेषज्ञों



के बीच इस बात पर मतभेद है कि क्या यह कदम दल-बदल विरोधी कानून के तहत इन सांसदों को अयोग्यता से बचा सकता है। कुछ राजनीतिक विश्लेषकों ने इसे 'शेल पार्टी' की रणनीति बताया है, जिसमें एक छोटी और लगभग अज्ञात पार्टी का इस्तेमाल राजनीतिक और कानूनी सुरक्षा पाने के लिए किया जाता है। वहीं, बागी सांसदों का कहना है कि उन्हें संविधान की दसवीं अनुसूची के पैरा-4 के तहत सुरक्षा मिलती है। इस प्रावधान के अनुसार, यदि किसी पार्टी के दो-तिहाई विधायक या सांसद विलय के पक्ष में हों तो उन्हें दल-बदल के आधार पर अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता। कानूनी विशेषज्ञों की राय भी इस मुद्दे पर अलग-अलग है। कुछ का मानना है कि संबंधित प्रावधान में 'पार्टी' शब्द का मतलब केवल सांसदों का समूह नहीं, बल्कि पूरी राजनीतिक पार्टी से है, भले ही दो-तिहाई सांसद विलय के पक्ष में क्यों न हों। लोकसभा की आधिकारिक वेबसाइट पर अब भी तृणमूल कांग्रेस के 28 सांसद दर्ज हैं।

## भारत-यूके व्यापार समझौते से भारतीय उद्योग के लिए निर्यात और प्रौद्योगिकी के नए अवसर खुलेंगे- उद्योग संगठन

नई दिल्ली। भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता बुधवार से लागू हो गया। उद्योग जगत के प्रमुख संगठनों का कहना है कि यह समझौता भारतीय निर्यातकों के लिए नए अवसर खोलेगा, प्रौद्योगिकी साझेदारी को मजबूत करेगा और वैश्विक बाजार में भारतीय उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा। समझौते के लागू होने के अवसर पर पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) ने 'इंडिया-यूके सीईटीए: निर्यात अवसरों और बाजार पहुंच के लिए एक रणनीतिक मार्गदर्शिका' शीर्षक से एक शोध रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट में द्विपक्षीय व्यापार, विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता, तकनीकी सहयोग, बाजार पहुंच और समझौते से अधिकतम लाभ उठाने के लिए आवश्यक नीतिगत उपायों का विस्तृत विश्लेषण किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत का ब्रिटेन को होने वाला निर्यात अब तेजी से उच्च मूल्य वाले विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) उत्पादों की ओर बढ़ रहा है, जिसमें उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना, औद्योगिक



नीतियों और विनिर्माण क्षेत्र की बढ़ती प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्मार्टफोन, दवाइयां (फार्मास्यूटिकल्स), एल्युमिनियम ऑक्साइड, पेट्रोलियम उत्पाद, इंजीनियरिंग सामान, मशीनरी के पुर्जे, फुटवियर और प्रसंस्कृत कृषि उत्पाद भारत के सबसे तेजी से बढ़ते निर्यात क्षेत्रों में शामिल हो गए हैं। पीएचडीसीसीआई के अध्यक्ष राजीव जुनेजा ने कहा कि भारत-यूके सीईटीए में द्विपक्षीय व्यापार को पारंपरिक वस्तु-आधारित संबंधों से आगे बढ़ाकर प्रौद्योगिकी आधारित रणनीतिक आर्थिक साझेदारी में बदलने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि भारत की बढ़ती विनिर्माण क्षमता और ब्रिटेन की नवाचार एवं उन्नत तकनीक में विशेषज्ञता मिलकर निर्यात बढ़ाने, निवेश आकर्षित करने और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं (ग्लोबल वैल्यू चेन) में भारत की भागीदारी को मजबूत करने के बड़े अवसर पैदा करती हैं। इसी तरह भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने भी इस समझौते के लागू होने को एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि इससे भारत और ब्रिटेन के बीच आर्थिक संबंध और मजबूत होंगे तथा भारतीय उद्योगों के लिए नए व्यावसायिक अवसर पैदा होंगे।

## 'एक देश-एक चुनाव' लोकतंत्र को और मजबूत करेगा, संविधान के मूल ढांचे पर नहीं पड़ेगा असर

लखनऊ। 'एक देश-एक चुनाव' से संबंधित संविधान संशोधन विधेयकों पर गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की लखनऊ में आयोजित तीन दिवसीय बैठक बुधवार को संपन्न हो गई। समिति के अध्यक्ष एवं सांसद पीपी चौधरी ने कहा कि 'एक देश-एक चुनाव' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच का हिस्सा है और इसका उद्देश्य लोकतांत्रिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी तथा देशहित के अनुरूप बनाना है। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था संविधान के मूल ढांचे या संघीय व्यवस्था के खिलाफ नहीं है। बैठक के समापन के बाद आयोजित प्रेसवार्ता में पीपी चौधरी ने कहा कि वर्ष 1952 से 1967 तक लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ कराए जाते थे। बाद में विभिन्न कारणों से यह व्यवस्था बदल गई। उन्होंने कहा कि वर्ष 1968 में कुछ राज्यों में राष्ट्रपति शासन और राज्यों के पुनर्गठन के कारण चुनावी चक्र प्रभावित हुआ, जबकि आपातकाल के दौरान लोकसभा का कार्यकाल बढ़ाए जाने से लोकसभा और विधानसभा चुनावों का एक साथ होना समाप्त हो गया। उन्होंने कहा कि समय-समय पर विभिन्न संस्थाओं और समितियों ने भी एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश की है। इनमें वर्ष 1983 में निर्वाचन आयोग, वर्ष 2002 की एक समिति, वर्ष 2015 की संसदीय समिति, वर्ष 2018 में नीति आयोग तथा वर्ष 2023 में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय समिति शामिल हैं। जेपीसी अध्यक्ष ने कहा कि 'वन नेशन, वन इलेक्शन' का आशय केवल लोकसभा और विधानसभा चुनावों का एक साथ आयोजन है। इससे संविधान के मूल ढांचे पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। उनका दावा था कि इस व्यवस्था से देश की अर्थव्यवस्था को लगभग सात लाख करोड़ रुपए तक का लाभ हो सकता है। समिति ने कहा कि प्राप्त सुझावों और अभिमतों पर विचार कर अपनी रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

## संपादकीय

# सावलाजी मंदिर भूमि विवाद पर हजारों का शक्ति प्रदर्शन

## कलेक्ट्रेट घेर निष्पक्ष जांच, अतिक्रमण हटाने और मुकदमे वापस लेने की मांग



सिरोही, (गणपत सिंह मांडोली)। शिवगंज तहसील के छीबा गांव स्थित ऐतिहासिक सावलाजी मंदिर की भूमि को लेकर लंबे समय से चल रहा विवाद सोमवार को उस समय बड़े जनआंदोलन में बदल गया, जब हजारों की संख्या में लोगों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर शक्ति प्रदर्शन किया। राजपूत समाज सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं ग्रामीणों ने राम झरोखा मैदान से विशाल रैली निकालते हुए कलेक्ट्रेट का घेराव किया और मुख्यमंत्री के नाम अतिरिक्त जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच तथा मंदिर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग उठाई। सुबह से ही राम झरोखा मैदान में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लोगों का पहुंचना शुरू हो गया था। देखते ही देखते मैदान जनसमूह से भर गया। सभा में वक्ताओं ने मंदिर की भूमि को लेकर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जाती तो विवाद इतना गंभीर रूप नहीं लेता। सभा के बाद हजारों लोगों ने नारेबाजी करते हुए शहर के प्रमुख मार्गों से रैली निकाली, जिससे कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। कलेक्ट्रेट पहुंचने पर प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

**प्रशासन पर लापरवाही के आरोप**

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि मंदिर की खातेदारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के बजाय कथित कब्जाधारियों को पर्याप्त समय दिया गया, जिससे विवाद और गहरा गया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि प्रशासन की ढिलाई के कारण वर्षों पुराना धार्मिक एवं सामाजिक विवाद अनावश्यक रूप से बढ़ा है। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने पुलिस की कार्रवाई पर भी सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि कथित कब्जाधारियों की शिकायत पर ग्रामीणों एवं मंदिर समिति के सदस्यों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में एकतरफा मुकदमे दर्ज किए गए, जबकि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच नहीं की गई। इससे क्षेत्र में रोष व्याप्त है।

**मंदिर समिति ने रखा अपना पक्ष**

मंदिर समिति के अनुसार विवादित भूमि राजस्व अभिलेखों में सावलाजी मंदिर के नाम दर्ज है तथा यह माफी की डोली भूमि है, जिसे शिवगंज के देवड़ा जागीरदारों द्वारा मंदिर के संचालन एवं धार्मिक गतिविधियों के लिए दान स्वरूप प्रदान किया गया था। समिति का कहना है कि वर्षों से इस भूमि की खेती ग्रामीणों के माध्यम से करवाई जाती रही और उससे होने वाली आय मंदिर के रखरखाव, पूजा-अर्चना एवं धार्मिक आयोजनों पर खर्च होती रही। समिति का आरोप है कि पहले अनुमति लेकर खेती करने वाले कुछ लोगों ने बाद में भूमि पर स्थायी कब्जा करने का प्रयास शुरू कर दिया। अनुमति समाप्त होने के बावजूद कब्जा नहीं छोड़ा गया, जिससे विवाद उत्पन्न हुआ।

**देवस्थान विभाग के आदेशों का हवाला**

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि 19 मार्च 2026 को मंदिर का पंजीकरण देवस्थान विभाग में होने के बाद विभाग ने उपखंड अधिकारी, विकास अधिकारी एवं तहसीलदार को मंदिर की खातेदारी भूमि ट्रस्ट को सौंपने तथा अतिक्रमण हटाने के निर्देश जारी किए थे। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि इन आदेशों का अब तक प्रभावी क्रियान्वयन नहीं किया गया। ये प्रमुख मांगें रखीं:-

प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में मांग की कि—

मंदिर की खातेदारी भूमि को तत्काल अतिक्रमण मुक्त कर ट्रस्ट को सुपुर्द किया जाए।

ग्रामीणों एवं मंदिर समिति के सदस्यों पर दर्ज मुकदमों की निष्पक्ष जांच कर झूठे प्रकरण वापस लिए जाएं।

अनुसूचित जाति के अजराम भूल से मारपीट के आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए।

कथित अतिक्रमित भूमि पर दिए गए बिजली कनेक्शन तत्काल प्रभाव से काटे जाएं।

पूरे मामले की उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

**अब प्रशासन की अगली कार्रवाई पर नजर**

हजारों लोगों की मौजूदगी में हुए इस शक्ति प्रदर्शन ने सावलाजी मंदिर भूमि विवाद को जिले का प्रमुख मुद्दा बना दिया है। अब सभी की निगाहें प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हैं। यदि समय रहते विवाद का समाधान नहीं निकला तो आंदोलन और तेज होने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

गणपत सिंह मांडोली
विशेष संवाददाता, सिरोही

# विश्व युवा कौशल दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित, कौशल विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

**जयपुर,थिंक राजस्थान**

जयपुर। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2014 में प्रत्येक वर्ष 15 जुलाई को विश्व युवा कौशल दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा की थी। इसका उद्देश्य युवाओं को रोजगार, गरिमापूर्ण कार्य एवं उद्यमिता के लिए आवश्यक कौशल के महत्व के प्रति जागरूक करना तथा कौशल विकास को बढ़ावा देना है। बुधवार को विश्व युवा कौशल दिवस का 12वाँ आयोजन किया गया। इसी क्रम में विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग द्वारा राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर , जयपुर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री के.के. बिश्नोई ने की। कार्यक्रम में प्रदेशभर से आए युवाओं, प्रशिक्षार्थियों, प्रशिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों तथा विभागीय अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर रामगोपाल सुथार, अध्यक्ष, विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड, संदीप वर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव, कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग एवं अध्यक्ष, राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम, ऋषभ मण्डल, आयुक्त, कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग एवं प्रबंध निदेशक, राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम, राघवेंद्र सिंह, संयुक्त निदेशक, रोजगार सेवा निदेशालय, मुनीश कुमार शर्मा, निदेशक प्रशिक्षण तथा श्री कुलराज मीना, महाप्रबंधक, राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम भी उपस्थित रहे।

के.के. बिश्नोई ने विभागीय प्रकाशन 'रोज़गार संदेश' का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि विश्व युवा कौशल दिवस केवल एक उत्सव नहीं बल्कि प्रदेश और देश के भविष्य को संवारने का संकल्प है। किसी भी राष्ट्र की प्रगति उसके युवाओं के कौशल और विभिन्न क्षेत्रों में उनकी सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करती है। आज की तेजी से बदलती दुनिया में केवल शिक्षा ही पर्याप्त नहीं है बल्कि उपयुक्त कौशल सफलता की कुंजी बन चुका है। कौशल विकास न केवल रोजगार प्राप्त करने का साधन है बल्कि आत्मनिर्भरता, नवाचार तथा सामाजिक परिवर्तन का आधार भी है।इन सत्रों में सोलह पूर्व एवं वर्तमान अनुभवी विधायकगण 24 कानूनों पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य की लगभग 28 से 30 प्रतिशत आबादी युवा है और आने वाले वर्षों में यह संख्या और बढ़ेगी।




# आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना (ईसीएलजीएस 5.0) पर राज्य स्तरीय जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

जयपुर। बैंक ऑफ़ बड़ौदा के संयोजन में कार्यरत राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) द्वारा बुधवार को भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही "आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना" पर राज्य स्तरीय जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार वी श्रीनिवास रहे। इस अवसर पर मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने ईसीएलजीएस 5.0 योजना की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि "भारत सरकार द्वारा शुरु की गई यह योजना अर्थव्यवस्था की सुदृढ़ता के लिए एक अच्छी पहल है, विशेष कर तब जब कि पूरी दुनिया भू-राजनितिक संकट की चुनौतियों से जूझ रही हो। पश्चिम एशिया क्षेत्र में उभरे तनाव के दौर में भी भारतीय अर्थव्यवस्था अपनी मजबूत स्थिति में है।




# जीरो टॉलरेंस नीति के साथ अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को और प्रभावी बनाया जाए— मुख्य सचिव

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, अपराध नियंत्रण को प्रभावी तथा आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए सतत प्रयासरत है।



उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा ज़ीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। मुख्य सचिव बुधवार को शासन सचिवालय में आयोजित गृह विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने निर्देश दिए कि प्रदेश की कानून व्यवस्था को प्रभावी बनाने के क्रम में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा गत बैठक में दिए गए निर्देशों की प्रभावी पालना सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने सभी जिला कलेक्टरों एवं पुलिस अधीक्षकों को प्रत्येक माह नियमित जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित करने तथा आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि जटिल मामलों का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित हो सके। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि अपराधियों के साथ किसी भी स्तर पर मिलीभगत अथवा अनुचित संरक्षण की शिकायत नहीं आनी चाहिए। ऐसे मामलों में ज़ीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अपराध की गंभीरता के अनुरूप अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जाए तथा संगठित अपराध के हॉटस्पॉट चिन्हित कर वहां विशेष अभियान चलाए जाएं। साथ ही थाना स्तर पर सीएलजी की नियमित बैठकें आयोजित की जाएं, जिनमें यथासंभव उच्चाधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित हो।

# नार्को-टेररिज्म पर निर्णायक प्रहार- 7502 तस्कर गिरफ्तार,692 करोड़ रुपए की ड्रग्स जब्त

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। युवा पीढ़ी और राष्ट्रीय सुरक्षा को कमजोर करने की साजिश यानी 'नार्को-टेररिज्म' के खिलाफ केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा शुरू किए गए अभियान में राजस्थान ने पूरी मुस्तैदी से रिकॉर्ड कार्रवाईयों को अंजाम दिया है। गत 31 मार्च, 2026 से शुरू किए गए देशव्यापी तीन वर्षीय नशा मुक्ति अभियान के लक्ष्य को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान में अवैध नशे के सौदागरों के खिलाफ मिशन मोड ऑन कर दिया है। अक्टूबर, 2025 में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) के गठन के बाद प्रदेश में एनडीपीएस के 5 हजार 951 प्रकरण दर्ज कर 7 हजार 502 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाइयों में अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गई है।

# राज्यपाल बागडे की पहल पर ऑस्ट्रेलिया की तर्ज पर आदिवासी संस्कृति संरक्षण के लिए होगा कार्य



**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

उदयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे की पहल पर प्रदेश में आदिवासी धरोहर संरक्षण हेतु ऑस्ट्रेलिया के सहयोग से विशेष कार्य किया जाएगा। राज्यपाल बागडे द्वारा इस संबंध में ऑस्ट्रेलियाई प्रतिनिधिमंडल को पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर आने का निमंत्रण दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि राज्यपाल बागडे से लोकभवन में उच्चस्तरीय राजनयिक, वाणिज्यिक महादूत पॉल मर्फी ने मुलाकात की थी।

इस दौरान हुई चर्चा में ऑस्ट्रेलियाई आदिवासी (एबोरिजिनल ओरिजिन पीपल इन ऑस्ट्रेलिया) और राजस्थान के आदिवासी लोगों की संस्कृति संरक्षण से संबंधित आदान प्रदान कार्यों पर सहमति जताई गई थी।

पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के निदेशक डॉ अश्विन दलवी ने बताया की इस संबंध में ऑस्ट्रेलियाई प्रतिनिधिमंडल आगामी दिनों में उदयपुर स्थित पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र का भ्रमण करेगा।

राज्यपाल के दिए निर्देशों पर केंद्र के स्तर पर इस संबंध में भविष्य में किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा बनाइ जाएगी।

राज्यपाल बागडे जब महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष थे तब उनका ऑस्ट्रेलिया जाना हुआ था। इसी दौरान उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में सिविक सेंस, सड़क यातायात और शिक्षा तथा कृषि क्षेत्र के कार्यों को महत्वपूर्ण बताते हुए इन्हें भारत के लिए भी उपयोगी बताया था। इसी परिप्रेक्ष्य में ऑस्ट्रेलिया के उच्च स्तरीय राजनयिक ने राजस्थान में भी कार्य करने की भविष्य की संभावनाओं पर सहमति जताई है।

# महिला समृद्धि बैंक की मालदास स्ट्रीट शाखा का 26वां स्थापना दिवस, डिजिटल बैंकिंग में बनाई विशिष्ट पहचान



**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

उदयपुर। उदयपुर के मालदास स्ट्रीट स्थित महिला समृद्धि बैंक की शाखा का 26वां स्थापना दिवस बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर बैंक परिसर में एक विशेष ग्राहक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें बैंक की उन्नति में सारथी बने विशिष्ट सदस्यों और ग्राहकों को सम्मानित किया गया।

25 वर्षों के सफर में की उल्लेखनीय प्रगति, ये ग्राहक हुए सम्मानित बैंक अध्यक्षा डॉ. किरण जैन ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए बताया कि मालदास स्ट्रीट शाखा ने अपने 25 वर्षों के सफल कार्यकाल में व्यावसायिक रूप से उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है।

स्थापना दिवस के इस खास मौके पर बैंक को नई ऊर्जा, प्रगति और व्यापार प्रदान करने वाले प्रमुख ग्राहकों को मंच पर सम्मानित किया गया।

सम्मानित होने वाले विशिष्ट ग्राहकों में शामिल हैं-धाकड़ सेल्स, नवरत्न ज्वेलर्स, गगन व्यास।

संगोष्ठी के दौरान बैंक प्रबंधन द्वारा ग्राहकों को वर्तमान में दी जा रही विभिन्न आधुनिक बैंकिंग सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

डॉ. किरण जैन ने बैंक की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए कहा कि सहकारिता के क्षेत्र में महिला समृद्धि बैंक ने अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है। आज यह बैंक अपने ग्राहकों को सभी प्रकार की आधुनिक डिजिटल बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध करवा रहा है।

कार्यक्रम में मौजूद संचालक मंडल के सदस्यों ने शाखा की स्थापना के शुरुआती दिनों से लेकर आज तक की शानदार और गौरवपूर्ण यात्रा को याद किया। उन्होंने बैंकिंग के साथ-साथ समाज सेवा और पर्यावरण संरक्षण के प्रति बैंक की निरंतर प्रतिबद्धता को एक बार फिर दोहराया।

इस गरिमामयी समारोह का कुशल संचालन मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) विनोद चपलोत ने किया। कार्यक्रम के समापन पर बैंक उपाध्यक्षा विमला मूंदड़ा ने उपस्थित सभी अतिथियों और ग्राहकों का आभार व्यक्त किया।

# राजवंश पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को पाठ्य- सामग्री वितरित

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। शिक्षा के माध्यम से समाज सेवा का श्रेष्ठ कार्य जयपुर। शिक्षा किसी भी राष्ट्र की प्रगति का आधार है।

प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का समान अवसर मिलना चाहिए, किंतु आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के अनेक विद्यार्थी आज भी आवश्यक शैक्षणिक सामग्री के अभाव में कठिनाइयों का सामना करते हैं। ऐसे में जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्टेशनरी, स्कूल बैग एवं अन्य पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराना केवल सहायता नहीं, बल्कि उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान है। इस सेवा कार्य के माध्यम से विद्यार्थियों के चेहरे खुशी और उत्साह से खिल उठे। यह सहयोग विद्यार्थियों को यह विश्वास दिलाता है कि समाज उनकी शिक्षा और भविष्य के प्रति संवेदनशील है।

# डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता और अखण्डता के लिए दिया अपना बलिदान

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। शांति एवं अहिंसा विभाग एवं राउन्ड टेबिल इण्डिया फाउन्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयन्ती पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में शहीद मेजर दिग्विजय सिंह सुमाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, जयपुर में "डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जीः अखण्ड भारत के शिल्पी" विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राज्य सभा सासंद एवं वरिष्ठ जननेता डॉ सतीश पूनिया मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

# एसीबी राजस्थान ने मनाया 69वाँ स्थापना दिवस, भ्रष्टाचार के विरुद्ध जनभागीदारी का दिया संदेश

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी), राजस्थान के 69वें स्थापना दिवस के अवसर पर एसीबी मुख्यालय में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, एसीबी श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव द्वारा की गई।

अपने संबोधन में अतिरिक्त महानिदेशक ने उपस्थित सभी अधिकारी गण एवं कर्मचारीगण को एसीबी स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एसीबी राजस्थान का ध्येय केवल भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करना ही नहीं, बल्कि शासन-प्रशासन में पारदर्शिता, नैतिकता एवं जनविश्वास को सुदृढ़ करना भी है। उन्होंने राज्य सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के प्रति एसीबी की प्रतिबद्धता दोहराते हुए प्रदेशवासियों से भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतों की सूचना एसीबी हेल्पलाइन 1064 एवं व्हाट्सएप 9413502834 पर देने का आह्वान किया।

इस अवसर पर अतिरिक्त महानिदेशक द्वारा अशोक का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया तथा एसीबी परिवार के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ स्थापना दिवस की खुशी साझा करते हुए मिठाइयाँ वितरित की गईं।



## राजस्थान/ प्रादेशिक

# बीकानेर में एसीबी की कार्रवाई : पावर ग्रिड का डिप्टी जनरल मैनेजर 90,000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार



**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

बीकानेर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ACB) मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी बीकानेर एसयू (SU) इकाई ने बुधवार को एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। टीम ने बिजली लाइन बिछाने के काम को बिना बाधा के सुचारू रूप से चलने देने के एवज में पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (बीकानेर डिवीजन) के डिप्टी जनरल मैनेजर (DGM) देवेश कुमार सिंह को 90,000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। 1 लाख रुपये की मांगी थी रिश्वत, 90 हजार में तय हुआ सौदा एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि बीकानेर एसयू चौकी को एक परिवादी ने शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, परिवादी की फर्म द्वारा जहां बिजली लाइन बिछाई जा रही थी, वहां फाउंडेशन और अर्थिंग वर्क के कार्य को बिना रुकावट जारी रखने देने के एवज में डिप्टी जनरल मैनेजर देवेश कुमार सिंह 1,00,000 रुपये की रिश्वत मांगकर उसे परेशान कर रहा था। शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने गोपनीय तरीके से मांग का सत्यापन करवाया, जिसमें आरोपी द्वारा 90,000 रुपये लेना तय किया गया। रिश्वत की राशि तय होने के बाद आज जाल बिछाकर ट्रेप की कार्रवाई को अंजाम दिया गया-यह कार्रवाई एसीबी बीकानेर रेंज के उप महानिरीक्षक नारायण टोगस के सुपरविजन और बीकानेर एसयू के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष कुमार के निर्देशन में की गई।

ट्रेप कार्रवाई : पुलिस निरीक्षक इन्द्र कुमार ने अपनी टीम के साथ दबिश देकर आरोपी देवेश कुमार सिंह को परिवादी से 90,000 रुपये की रिश्वत राशि लेते हुए मौके पर ही रंगे हाथों दबोच लिया।

पूछताछ और आगे की कार्रवाई जारी : एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव और महानिरीक्षक एस परिमला के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ की जा रही है। एसीबी द्वारा आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे का अनुसंधान (जांच) किया जाएगा। एसीबी अधिकारियों के अनुसार, शिकायत प्राप्त होने के बाद पूरी कार्रवाई पूर्व निर्धारित योजना के तहत की गई। मांग का सत्यापन होने के बाद विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए ट्रेप की तैयारी की गई और परिवादी के सहयोग से पूरी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। गिरफ्तारी के बाद एसीबी ने आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है।

## राजनीति की लक्ष्मण रेखा से बहुत बड़ी है इंसानियत की भावना: वसुन्धरा राजे



**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। पूर्व सीएम श्रीमती वसुन्धरा राजे ने कहा कि जब वे पूर्व सांसद डॉ. अबरार अहमद के निधन के बाद कांग्रेस ऑफिस पहुंची तो कई लोगों ने कहा आप सीएम है आपका कांग्रेस कार्यालय जाना उचित नहीं। मैंने कहा राजनीति की लक्ष्मण रेखा से बहुत बड़ी है इंसानियत की भावना। वे बोली- गुलाब चंद कटारिया, राजेंद्र राठौड़, सीपी जोशी, प्रद्युम्न सिंह, घनश्याम तिवाड़ी, डॉ. नाथू सिंह गुर्जर, राजपाल शेखावत तर्क के साथ बोलते थे तो पूरा सदन सुनता था पर आज ऐसा नहीं है। उन्होंने राव राजेंद्र सिंह, काली चरण सराफ़ व बीडी कल्ला को भी अच्छा वक्ता बताया। उन्होंने कहा कि भैरों सिंह शेखावत का व्यवहार हरिदेव जोशी से सिकंदर-पोरस जैसा था। सिकंदर ने पोरस को हराने के बाद भी उसके साथ एक शासक जैसा व्यवहार किया। जिनेवा में पाकिस्तान द्वारा पेश किए मानवाधिकार हनन को रोकने के लिए पीएम नरसिम्हा राव ने अटलजी को भेजा। पर अब राजनीति में प्रतिशोध है। भाषाई स्तर गिरा है। उन्होंने वन 'स्टेट वन इलेक्शन' के लिए सीएम भजन लाल शर्मा का आभार जताया।

## नागरिक सुरक्षा विभाग के निदेशक ने किया राजस्थान संपर्क पोर्टल 181 का निरीक्षण



जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार नागरिक सुरक्षा विभाग के निदेशक जगजीत सिंह मोंगा ने बुधवार को शासन सचिवालय स्थित राजस्थान संपर्क पोर्टल 181 का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर शिकायत निस्तारण की प्रगति एवं कार्यप्रणाली की विस्तार से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान मोंगा ने राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन 181 पर स्वयं नागरिकों से बातचीत कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली तथा अधिकारियों को शिकायतों का त्वरित, प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

श्री मोंगा ने इन व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## मेरी महारानी श्री राधा रानी का बयाना में देर रात तक गूजा नाम संकीर्तन

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

बयाना। राजवाड़ी बगीची स्थित मंगलवार रात भक्ति और संगीत की मधुर स्वर लहरियों से गूंज उठी। रुदावल से आए राधा-रानी भक्त मंडल संस्था के भजन गायको ने राधा-कृष्ण के मनमोहक भजनों की ऐसी प्रस्तुति दी कि पूरा माहौल भक्ति में हो गया। सुरमयी भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते और थिरकते नजर आए। राधा रानी कीर्तन संस्था बयाना के संयोजक राजेश गोयल ने बताया कि यह संस्था भक्ति की अनूठी मिसाल बनकर बिना पैसा लिया घर-घर राधा-नाम का जाप कर रही है संस्था ने अपने स्वयं के साउंड सिस्टम के साथ लोगों के घरों में जाकर निस्वार्थ भाव से राधा-नाम की अलग जगाई है। इस संस्था ने जिला एंव प्रदेश में 250 घरों मे एवं बयाना में 10 बार से अधिक राधा-नाम का संकीर्तन कर चुके हैं। कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान के साथ राधा-कृष्ण पूजा-अर्चना के साथ हुई इसके बाद भजन कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत किए।

## पवनपुरी मेन मार्केट के व्यापारियों की पहली बैठक : नई कार्यकारिणी गठित

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

बीकानेर। पवनपुरी मेन मार्केट के व्यापारियों के संगठन की पहली बैठक आज एक उत्साहपूर्ण और सकारात्मक वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें 40 से अधिक स्थानीय व्यापारियों ने भाग लेकर संगठन को मजबूत बनाने का सामूहिक संकल्प लिया।

बैठक के दौरान व्यापारियों की आपसी सहमति से सर्वसम्मति के साथ नई कार्यकारिणी का चयन किया गया, जिसमें मुकेश शर्मा को अध्यक्ष, भूपेंद्र सिंह खालसा को उपाध्यक्ष, लोकेश अग्रवाल को कोषाध्यक्ष तथा संजीव नंदा को सचिव पद पर मनोनीत किया गया। इसके साथ ही संगठन की गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने के लिए 7 सदस्यीय कार्यकारिणी का भी गठन किया गया, जिसमें राजेश गुप्ता, भानु खत्री, ललित, महावीर, मयूर सोनी, सत्यनारायण और विपिन सोनी को शामिल किया गया है। इसके अलावा, बारिश के दिनों में दुकानों के सामने कई-कई दिनों तक पानी भरा रहता है।

## भारत टेक्स 2026 : गुलाबी नगर की थीम पर तैयार राजस्थान पैवेलियन बना आकर्षण का केंद्र

**जयपुर, थिंक राजस्थान**




जयपुर। नई दिल्ली में 14 से 17 जुलाई तक आयोजित भारत टेक्स 2026 में राजस्थान सरकार का पवेलियन देश-विदेश से आए खरीदारों, उद्योग प्रतिनिधियों और आगंतुकों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। लगभग 209 वर्गमीटर क्षेत्र में स्थापित इस पवेलियन को जयपुर के गुलाबी नगर की थीम पर तैयार किया गया है। इसका भव्य प्रवेश द्वार ऐतिहासिक अजमेरी गेट की तर्ज पर बनाया गया है, जो राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक और स्थापत्य विरासत की झलक प्रस्तुत करता है।

उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, रीको, ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रमोशन (बीआईपी) तथा राजसिको के अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल इसमें शामिल हुआ है। ये अधिकारी देश - विदेश के निवेशकों और उद्योग प्रतिनिधियों को राजस्थान की औद्योगिक नीतियों, टेक्सटाइल क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों तथा निवेश की संभावनाओं की जानकारी दे रहें हैं। साथ ही, प्रदेश में निवेश आकर्षित करने के लिए बड़े उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन मीटिंग भी कर रहे हैं। यह पवेलियन राजस्थान के वस्त्र उद्योग, शिल्पकारों और उद्यमियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए व्यापारिक अवसरों से जोड़ने का प्रभावी मंच बन रहा है।

राजस्थान पवेलियन में 12 स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें प्रदेश की समृद्ध वस्त्र परंपरा और हस्तशिल्प का प्रदर्शन किया जा रहा है। यहां बगरू और सांगानेरी ब्लॉक प्रिंट, कोटा डोरिया, कशीदाकारी, एप्लीक वर्क, क्विल्टेड एवं वुवेन उत्पाद, होम फर्निशिंग तथा रेडीमेड गारमेंट्स सहित विभिन्न उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं।

## दौसा में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ आप का हल्लाबोल : कलेक्टर को ज्ञापन देकर की स्पेशल टीम गठित करने और पार्कों में CCTV लगाने की मांग



**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

दौसा। आम आदमी पार्टी (AAP) के कार्यकर्ताओं ने जिले में पैर पसार रहे गैरकानूनी नशे के कारोबार और सक्रिय माफियाओं के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। बुधवार को पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्टर से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा और नशे के सौदागरों के खिलाफ तुरंत सख्त कदम उठाने की मांग की। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष निर्मल वर्मा ने दौसा की जमीनी हकीकत बयां करते हुए प्रशासन की ढिलाई पर गंभीर चिंता जताई।

उन्होंने कहाः नशे के अड्डे बने सार्वजनिक स्थलः दौसा में स्मैक, गांजा और घातक ड्रग्स का अवैध कारोबार खुलेआम फल-फूल रहा है। माफियाओं ने पब्लिक पार्कों और सामुदायिक भवनों को नशे का मुख्य अड्डा बना दिया है।

उजड़ रहे हैं सुहाग और चिरागः इस जानलेवा लत ने शहर के कई हंसते-खेलते परिवारों को पूरी तरह तबाह कर दिया है। कई माताओं ने अपने बेटों को और बहनों ने अपने भाइयों को हमेशा के लिए खो दिया है। जिले के कई युवा वर्तमान में नशा मुक्ति केंद्रों में जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं।

आप कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन के जरिए जिला प्रशासन से इस अवैध धंधे की कमर तोड़ने के लिए तुरंत निम्नलिखित कदम उठाने का आग्रह किया हैः

पार्कों में सुरक्षाः सभी पब्लिक पार्कों और सामुदायिक भवनों में सुरक्षा के लिहाज से तुरंत सीसीटीवी (CCTV) कैमरे और हाई मास्ट लाइटें लगाई जाएं।

सार्वजनिक स्थलों पर नियमित पुलिस गश्त बढ़ाई जाए। नशा तस्करों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जाए।

## अनुयोगाचार्य आदर्शरत्नसागर के मुखारविन्द से महामांगलिक श्रवण करने उमड़े श्रद्धालु

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

जोधपुर। भैरूबाग पार्श्वनाथ जैन श्वेताम्बर तीर्थ के तत्वावधान में ओसवाल कम्युनिटी हॉल में तपोनिष्ठ संत अनुयोगाचार्य आदर्शरत्नसागर महाराज के मुखारविन्द से महामांगलिक श्रवण करने श्रद्धालु उमड़ पड़े। तीर्थ के प्रवक्ता दिलीप जैन एवं सचिव आदेश्वर जैन ने बताया कि गुरुवर द्वारा दोपहर 12 से 2 बजे तक दी गई महामांगलिक में उपस्थित श्रोता चित्रलिखित से दिखाई जान पड़ते थे।

तीर्थ के अध्यक्ष गणेश भंडारी एवं चातुर्मास संयोजक प्रो. एम. एल वडेरा ने बताया कि महामांगलिक के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए गणिवर्य अक्षतरत्न सागर ने कहा कि प्रति माह सुदी एकम को आयोजित होने वाली महामांगलिक भूतकाल के आचार्यों द्वारा मंगलमय स्तोत्रों की रचना संसार के समस्त जीव मात्र के कल्याण की कामना करने के उद्देश्य से की थी।

## भीलवाड़ा बाइपास पर देर रात तक चला विशेष जांच अभियान, 8 लग्जरी बसों की जांच, 1 बस सीज, 4 के कटे चालान



**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

भीलवाड़ा। यात्रियों की सुरक्षित एवं नियमसम्मत यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में परिवहन विभाग और यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने सोमवार देर रात तक भीलवाड़ा बाइपास हाईवे पर विशेष जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान लग्जरी एवं स्लीपर बसों की सघन जांच कर सुरक्षा मानकों और आवश्यक दस्तावेजों का निरीक्षण किया गया। संयुक्त टीम ने कुल 8 लग्जरी बसों की जांच की। निरीक्षण के दौरान गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर एक बस को सीज कर दिया गया, जबकि विभिन्न नियमों के उल्लंघन के मामले में चार बसों के विरुद्ध कुल 54,200 के चालान बनाए गए। यह कार्रवाई जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव रश्मि आर्य के निर्देशन में की गई। अभियान में परिवहन निरीक्षक मनीष कुमार, कैलाश कंवर शक्तावत, यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

जांच के दौरान बसों की फिटनेस, परमिट, बीमा, अग्निशमन यंत्र, आपातकालीन निकास, प्राथमिक उपचार किट, आवश्यक दस्तावेज और अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की गई। एक बस में गंभीर नियम उल्लंघन मिलने पर उसे मौके पर ही सीज कर दिया गया, जबकि अन्य चार बसों में कमियां पाए जाने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की गई। जिन बसों के दस्तावेज और सुरक्षा मानक सही पाए गए, उन्हें यात्रियों सहित गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया। वहीं सीज की गई बस के यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए संबंधित बस ऑपरेटर को तत्काल वैकल्पिक बस उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। दूसरी बस की व्यवस्था होने के बाद सभी यात्रियों को सुरक्षित उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव रश्मि आर्य ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले बस संचालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## जोधपुर जिला कलेक्टर ने किया उम्मेद राजकीय स्टेडियम का निरीक्षण, 15 अगस्त समारोह की तैयारियां

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**



जोधपुर। जोधपुर के जिला कलेक्टर आलोक रंजन ने बुधवार को उम्मेद राजकीय स्टेडियम का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह से जुड़ी स्टेडियम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और परिसर में खिलाड़ियों के लिए खेल सुविधाओं व लंबित विकास कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के समय अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) दौलत राम चौधरी, जिला खेल अधिकारी भरत सिंह गुर्जर सहित सार्वजनिक निर्माण विभाग (PWD) के सिविल एवं विद्युत विंग के अधिकारी भी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने खेल अधोसंरचना के नियमित रखरखाव पर जोर देते हुए सभी व्यवस्थाओं को सुरक्षित और व्यवस्थित वातावरण के साथ समयबद्ध रूप से पूरा करने के कड़े निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने स्टेडियम के मैदान में भूमिगत जलभराव की गंभीर समस्या को देखा। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मैदान के पास की नालियों में जमा होने वाले पानी की प्रभावी निकासी सुनिश्चित की जाए।

सीवेज पंप लगाने के निर्देशः कलेक्टर ने अधिकारियों को मैदान में उच्च क्षमता का मड कटर सीवेज वाटर पंप लगाने और उसे मुख्य सीवर लाइन से जोड़ने की कार्यवाही को सात दिनों के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि बारिश के समय मैदान में जलभराव न हो।

जिम्नास्टिक डोम में तेजीः पंच गौरव कार्यक्रम के तहत बन रहे जिम्नास्टिक डोम का अवलोकन करते हुए उन्होंने निर्माण कार्य की गति बढ़ाने के निर्देश दिए, ताकि खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए आधुनिक सुविधाएं जल्द मिल सकें। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर के अनुरूप खेल सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

## कानोड़िया कॉलेज में हुआ द ह्यूमन एज इन एआई एरा-इनोवेशन, सॉफ्ट स्किल्स एंड सोशल इंटरप्रेन्योरशिप व्याख्यान सत्र

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय के इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल एवं राष्ट्रीय सेवा योजना ने संयुक्त रूप से आई.सी.एफ.ए.आई विश्वविद्यालय के सहयोग से बुधवार 15 जुलाई 2026 को 'द ह्यूमन एज इन एआई एरा-इनोवेशन, सॉफ्ट स्किल्स एंड सोशल इंटरप्रेन्योरशिप' विषय पर एक व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. तन्मय अग्रवाल, सहायक आचार्य, संयोजक इनोवेशन क्लब, (आई.सी.एफ.ए. आई विश्वविद्यालय) रहे। उन्होंने बताया कि आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) हमारे दैनिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है तथा शिक्षा, उद्योग, स्टार्टअप, नवाचार, इंजीनियरिंग, स्वास्थ्य एवं अनुसंधान सहित अनेक क्षेत्रों में इसका व्यापक उपयोग हो रहा है। उन्होंने छात्राओं को विभिन्न एआई टूल एवं उनके व्यावहारिक उपयोगों की जानकारी दी तथा यह भी बताया कि इन तकनीकों को प्रभावी रूप से उपयोग कर छात्राएँ अपनी सीखने की क्षमता, रचनात्मकता और नवाचार कौशल को विकसित कर सकते हैं। उन्होंने छात्राओं को एआई का नैतिक एवं सकारात्मक उपयोग करने के लिए भी प्रोत्साहित किया।



## मनोरंजन समाचार

# गॉसिप किंग हैं निक जोनास, प्रियंका से ज्यादा जानते हैं बॉलीवुड के राज, बताई बी-टाउन सेलेब्स में दिलचस्पी की वजह

प्रियंका चोपड़ा लंबे इंतजार के बाद भारतीय सिनेमा में वापसी कर रही हैं, जिसे लेकर वह काफी चर्चा में हैं। प्रियंका एसएस राजामौली की फिल्म 'वाराणसी' में नजर आएंगी, जिससे उनकी झलक पहले ही साझा की जा चुकी है। एक्ट्रेस के फैंस उनके कमबैक का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस बीच प्रियंका एक और वजह से सुर्खियों में हैं। देसी गर्ल ने हाल ही में खुलासा किया कि उनके अमेरिकी सिंगर पति निक जोनास को बॉलीवुड गॉसिप्स में काफी दिलचस्पी है और वह उनसे ज्यादा बॉलीवुड के राजों के बारे में जानते हैं। प्रियंका चोपड़ा ने जोनास ब्रदर्स के एक पॉडकास्ट में निक जोनास की बॉलीवुड गॉसिप्स में दिलचस्पी के बारे में खुलकर बात की। इस दौरान एक्ट्रेस ने कहा कि निक को उनसे ज्यादा बॉलीवुड के बारे में पता होता है। उन्होंने बताया कि अब निक उनके लिए बॉलीवुड गॉसिप्स का सबसे भरोसेमंद जरिया बन गए हैं, क्योंकि उन्हें वो सब पता होता है, जिसके बारे में उन्हें भी जानकारी नहीं होती। प्रियंका के अुसार, निक को इस बारे में भी जानकारी होती है कि बॉलीवुड में किस सेलिब्रिटी का



क्या चल रहा है, किसका अफेयर है, किसका ब्रेकअप हो गया, निक सब जानते हैं। प्रियंका चोपड़ा बातचीत के दौरान कहा- 'कभी-कभी जब मैं किसी सेलिब्रिटी से बात कर रही होती हूं और उन्हें कहती हैं कि 'अपने पार्टनर को मेरा प्यार देना' तो निक मुझे टोकते हैं और बताते हैं कि दोनों का ब्रेकअप हो गया है। मुझे तब इसके बारे में पता चलता है।' जब निक के भाई केविन उनसे पूछते हैं कि उन्हें ये सब कैसे पता चलता है तो निक ने बताया कि वह सोशल मीडिया पर बॉलीवुड गॉसिप पेजेस को फॉलो करते हैं, जिनसे उन्हें सब पता चलता है। लेकिन, उन्होंने उन पेजेस का नाम नहीं बताए, जिन्हें वह फॉलो करते हैं। निक का कहना है कि बॉलीवुड में लगातार सेलेब्स के बीच के इक्वेशन बदलते रहते हैं, जिसके चलते इसके बारे में जानना काफी दिलचस्प होता है। प्रियंका चोपड़ा के वर्क फ्रंट की बात करें तो देसी गर्ल इन दिनों एसएस राजामौली की अपकमिंग फिल्म 'वाराणसी' को लेकर चर्चा में हैं, जिसमें उनके साथ महेश बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन भी मुख्य भूमिका में हैं। इस बिग बजट फिल्म में महेश बाबू 'भगवान राम और रुद्र' की भूमिका में नजर आएंगे, प्रियंका चोपड़ा 'मंदाकिनी' की भूमिका निभा रही हैं और पृथ्वीराज सुकुमारन 'कुंभ' की। हाल ही में प्रियंका ने विंबलडन में भी शिरकत की, जहां उनका रॉयल लुक देखने को मिला। इस दौरान प्रियंका, वीडियो कॉल पर निक को सेंटर कोर्ट और ऑल इंग्लैंड लॉन टेनिस एंड क्रोकेट क्लब के शानदार माहौल की झलक दिखाते भी देखा गया। प्रियंका चोपड़ा और निक जोनास की यह मजेदार बातचीत सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रही है। प्रशंसकों ने दोनों की आपसी समझ और सहज रिश्ते की सराहना करते हुए कहा कि दोनों अक्सर एक-दूसरे की संस्कृति और पेशे को लेकर खुलकर बात करते हैं। निक का भारतीय फिल्म उद्योग और उससे जुड़ी खबरों में रुचि लेना भी प्रशंसकों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। प्रियंका ने कई अवसरों पर कहा है कि निक भारतीय संस्कृति, त्योहारों और परंपराओं का सम्मान करते हैं।

## 'सिटी ब्यूटीफुल' से पंजाबी सिनेमा में लौटीं अपूर्वा अरोड़ा, बोलीं- यह मेरे लिए घर वापसी जैसा



लोकप्रिय अभिनेत्री अपूर्वा अरोड़ा ने आगामी पंजाबी क्राइम थ्रिलर फिल्म 'सिटी ब्यूटीफुल' से पंजाबी सिनेमा में वापसी की है। पंजाबी सिनेमा से अपने करियर की शुरुआत करने वाली अभिनेत्री फिल्म को घर वापसी बताया। आईएएनएस के साथ खास बातचीत में अभिनेत्री ने बताया कि इससे पहले वे पंजाबी सिनेमा में गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ के साथ 'डिस्को सिंह' में नजर आई थीं, जिसके बाद से वे अच्छी स्क्रिप्ट का इंतजार कर रही थीं, जो उन्हें सच में इंडस्ट्री में वापस लाए और 'सिटी ब्यूटीफुल' वह प्रोजेक्ट निकला। अभिनेत्री अपूर्वा ने कहा, "यह फिल्म मेरे लिए सच में एक घर वापसी जैसा है। इस फिल्म की कहानी ने मुझे तुरंत मुझसे कनेक्ट कर दिया। मैं अभी अपने कैरेक्टर के बारे में ज्यादा कुछ नहीं बता सकती, लेकिन मैं कह सकती हूं कि यह एक शानदार अनुभव रहा है। हम चंडीगढ़ और मोहाली में शूटिंग कर रहे हैं। सेट पर हर कोई बहुत अच्छा और सपोर्टिव है। हमारे डायरेक्टर ने पूरे प्रोसेस को बहुत आरामदायक बना दिया है और हर दिन सेट पर आना बहुत अच्छा लगा है।" अभिनेत्री अपूर्वा अरोड़ा ने बताया कि उन्होंने अपने करियर की शुरुआत पंजाबी सिनेमा से की, जिस वजह से पंजाब हमेशा से ही मेरे लिए खास रहा है और आगे भी रहेगा। अपूर्वा अरोड़ा हाल ही में हरियाणा की ग्रामीण पृष्ठभूमि पर बनी फिल्म 'मोमाकू' में नजर आई थीं। इस फिल्म का पूरा नाम 'मोटर, माचिस और कटर' है।

## जब भाषा बनी दीवार तो हौसले ने बनाया बॉलीवुड की सुपरस्टार, कैटरीना कैफ ने हर मोर्चे पर रचा इतिहास



कैटरीना कैफ का शुरुआती जीवन किसी आम बच्चे की तरह स्थिर नहीं था। 16 जुलाई 1984 को ब्रिटिश हांगकांग में जन्मीं कैटरीना का बचपन 13 से अधिक देशों के निरंतर प्रवास में बीता। उनके पिता मोहम्मद कैफ के प्रारंभिक अलगाव के बाद उनकी मां सुजैन टरकोट (जो एक समर्पित अंतरराष्ट्रीय सामाजिक कार्यकर्ता थीं) ने अकेले ही कैटरीना कैफ और उनके सात भाई-बहनों का पालन-पोषण किया। अपनी मां के सामाजिक अभियानों के कारण, कैटरीना कैफ को चीन, जापान, फ्रांस, स्विट्जरलैंड, पोलैंड और हवाई जैसे विभिन्न देशों में निरंतर भटकना पड़ा, जिससे उनकी शिक्षा किसी पारंपरिक स्कूल के बजाय घर पर ही संपन्न हुई। हवाई में 14 वर्ष की आयु में एक मॉडलिंग प्रतियोगिता जीतने के पश्चात लंदन में अपने पेशेवर करियर की शुरुआत करने वाली कैटरीना कैफ को जल्द ही भारतीय फिल्म निर्माता कैजाद गुस्ताद ने अपनी फिल्म 'बूम' (2003) के लिए साइन कर लिया। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर एक बड़ी विफलता साबित हुई, जिसका मुख्य कारण कैटरीना कैफ का अपरिचित ब्रिटिश बोलचाल और हिंदी भाषा का शून्य ज्ञान था। यह भाषाई सीमा इतनी गंभीर थी कि इसी कारणवश उन्हें महेश भट्ट की फिल्म 'साया' से निष्कासित कर दिया गया। परंतु, भाषाई बाधा को पार करने के लिए उन्होंने हिंदी और उर्दू के विशेष कोच नियुक्त किए तथा वरिष्ठ अभिनेता जैकी श्रॉफ की सलाह पर देवनागरी लिपि का अध्ययन किया, ताकि वे अपनी स्क्रिप्ट स्वयं पढ़ सकें और संवादों की भावनात्मक गहराई को समझ सकें।

## प्रियंका चोपड़ा के साथ आठ साल की शादी में सबसे अच्छी चीज बॉलीवुड गॉसिप : निक जोनास



सिंगर-एक्टर निक जोनास ने बताया है कि ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा से शादी के बाद उन्हें जो चीज सबसे ज्यादा पसंद है, वह है बॉलीवुड गॉसिप से अपडेट रहना। जोनास ब्रदर्स की नई पॉडकास्ट सीरीज 'हे जोनास!' के एक एपिसोड में, जिसमें निक, प्रियंका चोपड़ा, केविन जोनास और जो जोनास शामिल थे, सिंगर ने मजाक में कहा कि उनकी लगभग आठ साल की शादी का सबसे बड़ा फायदा यह रहा है कि उन्हें बॉलीवुड की ताजा खबरों और गॉसिप के बारे में पता चलता रहता है। निक ने कहा, "इन आठ सालों में मुझे जो चीज सबसे ज्यादा पसंद आई, वह है बॉलीवुड की गॉसिप जो मुझे सुनने को मिली।"

## 'मैं वहीं हूं, जहां मुझे होना चाहिए', अंजना सुखानी ने बॉलीवुड के सफर का बताया अनुभव



बॉलीवुड अभिनेत्री अंजना सुखानी ने करियर में कई अलग-अलग तरह के किरदार निभाए हैं। उन्होंने अमिताभ बच्चन, सलमान खान, जॉन अब्राहम और अजय देवगन जैसे बड़े कलाकारों के साथ स्क्रीन शेयर किया है। अब वह अपनी नई फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' को लेकर चर्चा में हैं। इस कड़ी में आईएएनएस के साथ बातचीत में अंजना ने फिल्म, इम्तियाज अली के साथ काम करने के अनुभव, फिल्म इंडस्ट्री में बदलाव और अपने लंबे सफर को लेकर कई बातें साझा कीं। अंजना सुखानी ने कहा, ''मेरे लिए 'मैं वापस आऊंगा' बेहद खास फिल्म है, क्योंकि इस फिल्म से इम्तियाज अली का नाम जुड़ा हुआ है।

उनके साथ काम करना अपने आप में एक बड़ी बात है। दुनियाभर के कलाकार उनके साथ काम करने का सपना देखते हैं और मैं खुद को खुशकिस्मत मानती हूं कि मुझे यह मौका मिला। फिल्म की पूरी टीम के साथ काम करने का अनुभव बहुत अच्छा रहा, खासकर नसीरुद्दीन शाह और दिलजीत दोसांझ के साथ। नसीर साहब के साथ काम करना किसी लाइव मास्टरक्लास जैसा अनुभव है। उन्हें देखकर ही अभिनय की बहुत सारी चीजें सीखी जा सकती हैं।'' फिल्म में वेदांग रैना और शरवरी के साथ काम करने के अनुभव पर अंजना ने कहा, ''मेरी कहानी फिल्म में अलग समय से जुड़ी हुई है, इसलिए उनके साथ ज्यादा सीन नहीं थे। हालांकि, ट्रेलर लॉन्च और शूटिंग के दौरान कुछ मुलाकातें जरूर हुईं। वेदांग और शरवरी दोनों ही बहुत प्रतिभाशाली कलाकार हैं। जब मैंने दोनों का पहला सीन देखा तो मैं काफी प्रभावित हुई। वे फिल्म में नई ऊर्जा लेकर आए हैं।''

## करिश्मा कपूर ने सुनाया सलमान खान से जुड़ा दिलचस्प किस्सा, 'थकान के बावजूद पूरे स्वैग के साथ किया था 'ओ ओ जाने जाना'



बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर ने अपने फिल्मी करियर में कई बड़े सितारों के साथ काम किया है, लेकिन सलमान खान के साथ बिताए गए शूटिंग के दिनों की यादें आज भी उनके लिए बेहद खास हैं। इस कड़ी में उन्होंने डांस रियलिटी शो 'इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 5' में फिल्म 'प्यार किया तो डरना क्या' के मशहूर गाने 'ओ ओ जाने जाना' की शूटिंग से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा साझा किया है। उन्होंने बताया कि उस समय सलमान लगातार कई शिफ्ट में काम कर रहे थे और बेहद थके हुए रहते थे। इसके बावजूद उन्होंने इस गानेकी शूटिंग पूरे जोश के साथ की, जो बाद में चार्टबस्टर साबित हुआ। इन दिन करिश्मा कपूर 'इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 5' में जज की भूमिका में नजर आ रही है। दरअसल, हालिया एपिसोड में कंटेस्टेंट प्रथमेश ने सलमान खान के सुपरहिट गाने 'ओ ओ जाने जाना' पर शानदार डांस किया। उनकी परफॉर्मेंस से प्रभावित होकर करिश्मा ने खड़े होकर तालियां बजाईं और इसके बाद सलमान खान से जुड़ी पुरानी यादों को साझा किया। करिश्मा कपूर ने कहा, "सच कहूं तो मैं इस वक्त बहुत इमोशनल हूं, क्योंकि यह सलमान का गाना है। मुझे आज भी याद है कि जब यह गाना रिलीज हुआ था, तब हम सभी लगातार कई शिफ्ट में काम कर रहे थे। उस गाने में सलमान खान जैसा कोई नहीं हो सकता।"

## अनुपम खेर ने सतीश कौशिक की बेटी वंशिका को खास अंदाज में दी जन्मदिन की बधाई, शेयर की पुरानी यादें



दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक की बेटी वंशिका कौशिक बुधवार को अपना जन्मदिन मना रही हैं। इस अवसर पर अभिनेता अनुपम खेर ने उन्हें खास अंदाज में जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर वंशिका के साथ अपनी कुछ यादगार तस्वीरें और वीडियो साझा किए। साझा की गई तस्वीरों और वीडियो में वंशिका के बचपन से लेकर अब तक की यादें हैं।

इनमें वह अपने पिता सतीश कौशिक और अनुपम खेर के परिवार के साथ नजर आ रही हैं। पहले वीडियो में अनुपम खेर वंशिका से बातचीत करते दिखाई दे रहे हैं, जबकि दूसरे वीडियो में सतीश कौशिक, अनुपम खेर और वंशिका साथ में मस्ती करते नजर आ रहे हैं।

अनुपम खेर ने पोस्ट में लिखा, "सबसे प्यारी वंशिका बेटा, तुम्हें जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं।

भगवान तुम्हें दुनिया की हर खुशी, अच्छा स्वास्थ्य और खूबसूरत जिंदगी दें, साथ ही तुम्हारे हर सपने को पूरा करें।" उन्होंने आगे लिखा, "तुम हमेशा से मेरी बेटी की तरह रही हो। जब सतीश हमारे साथ थे, तब भी मैं तुम्हें अपनी बेटी और अपनी दोस्त मानता था। कुछ रिश्ते खून के नहीं होते, बल्कि प्यार, भरोसे और अपनापन से बनते हैं।

हमारा रिश्ता भी ऐसा ही है।" अनुपम खेर ने वंशिका से वादा करते हुए लिखा कि वह जीवन के हर सुख-दुख में उनके साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा, "कई बार अपने प्यार को शब्दों में कहना आसान नहीं होता, लेकिन आज मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि मैं हमेशा तुम्हारे साथ रहूंगा।

## भीड़ के बीच भी खुद को तन्हा महसूस करती हैं अविका गौर, शेयर किया भावुक नोट



टेलीविजन इंडस्ट्री की लोकप्रिय अभिनेत्री अविका गौर ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर अपने अकेलेपन और अपने वजूद को लेकर पोस्ट शेयर किया।

अभिनेत्री ने बताया कि अकेलापन हमेशा अकेले रहने से महसूस नहीं होता, बल्कि कई बार आप सैकड़ों लोगों के बीच मौजूद रहकर भी समझ नहीं पाते कि हो क्या रहा है। अभिनेत्री अविका गौर ने इंस्टाग्राम स्टोरीज सेक्शन पर एक नोट शेयर करते हुए लिखा, "हाल ही के दिनों में मैंने महसूस किया है कि अकेलापन सिर्फ कमरे में अकेले रहने का नाम नहीं है, क्योंकि कई बार हम बहुत सारे लोगों के बीच होते हैं, फिर भी हम बिल्कुल पराया और अकेला महसूस करते हैं। ऐसे समय में दोस्तों और जिनसे करीबी रिश्ता है, उनके बीच जगह बनाना बहुत थका देने वाला होता है। आप जितनी भी कोशिश करें। लोग या तो सोचते हैं कि आपको उनकी जरूरत नहीं है या फिर आपको जरूरत से ज्यादा उनसे जुड़ने वाला समझ लेते हैं।"

## 'दिल्ली आकर खुद अनशन खत्म करवाऊंगी', जंतर-मंतर कूच करेंगी राखी सावंत

जलवायु कार्यकर्ता और शिक्षाविद सोनम वांगचुक के दिल्ली में चल रहे अनिश्चितकालीन अनशन को लेकर अब मनोरंजन जगत की मशहूर हस्ती राखी सावंत भी उनके समर्थन में उतर आई हैं। पिछले कई दिनों से जारी इस भूख हड़ताल के कारण वांगचुक का स्वास्थ्य लगातार गिर रहा है, जिसे लेकर देश भर में चिंता जताई जा रही है।

इसी बीच मुंबई में मौजूद राखी सावंत ने सोशल मीडिया के माध्यम से वांगचुक से अपना आंदोलन खत्म करने और अपनी जान जोखिम में न डालने की पुरजोर अपील की है। राखी ने साफ कहा कि वह इस मुहिम में उनके साथ हैं और उनके स्वास्थ्य को लेकर बेहद चिंतित हैं। राखी सावंत ने वांगचुक के लिए एक बेहद सीधा और भावुक संदेश साझा करते हुए कहा, 'प्लीज, सोनम जी, मैं रिक्वेस्ट करती हूं।

## सार समाचार

### ईरान से युद्ध के बीच उसके पड़ोसी देश इराक से अपनी सेना क्यों वापस बुलाने जा रहे डोनाल्ड ट्रंप?



अमेरिका और इराक ने ऐलान किया है कि अमेरिकी फौज सितंबर के आखिर तक इराक की जमीन से हट जाएगी। इसके साथ ही, इराक में 23 साल से चल रही अमेरिकी सैन्य तैनाती खत्म हो जाएगी। जान लें कि इराक में अमेरिकी सेना की तैनाती साल 2003 में सद्दाम हुसैन को सत्ता से हटाने के लिए किए गए अटैक के साथ शुरू हुई थी और बाद में आतंकी संगठन ISIS के खिलाफ अभियानों पर फोकस हो गई थी। बता दें कि बीते मंगलवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इराकी प्रधानमंत्री अली अल-जैदी ने व्हाइट हाउस में एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी और उसमें डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका अब इराक में मिलिट्री की मौजूदगी को जरूरी नहीं मानता है।

इस दौरान, डोनाल्ड ट्रंप ने इराक के अमेरिकी पेट्रोलियम कंपनियों के साथ बढ़ते कमर्शियल रिश्तों का जिक्र भी किया। डोनाल्ड ट्रंप ने आगे कहा, 'यह एक व्यापक रिश्ता है जिसमें हमें आर्मी की मौजूदगी की जरूरत नहीं है। हम इराक में उनकी मदद करने के लिए हैं। हम उनकी सुरक्षा के लिए जरूरत पड़ने पर वहां मौजूद रहेंगे। लेकिन अमेरिका को ऐसा नहीं लगता कि अब इसकी जरूरत पड़ेगी।' वहीं, संयुक्त घोषणा को दोहराते हुए इराकी प्रधानमंत्री अली अल-जैदी ने कहा, 'अमेरिकी फौज 30 सितंबर तक इराक की जमीन से हट जाएगी, हालांकि अमेरिकी कंपनियां इराक में बनी रहेंगी।' पेंटागन ने कहा कि अमेरिकी सैनिकों की वापसी, इराक के साथ 2024 में हुई उस डील की पुष्टि करती है, जिसके अंतर्गत ISIS के खिलाफ अमेरिकी नेतृत्व वाले मिशन को खत्म करना है। हालांकि, इराक से हटने के बाद ISIS ने अपनी जड़ें अफ्रीका में जमाईं। संयुक्त राष्ट्र भी इसको लेकर चिंता जाहिर कर चुका है।

### 'यह मत समझिए कि पहले जैसा ही जवाब मिलेगा', नेतन्याहू ने ईरान को दी कड़ी चेतावनी



इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर उसने दोबारा इजरायल पर हमला किया तो इस बार उसे पहले से कहीं ज्यादा ताकतवर जवाब मिलेगा। उन्होंने साफ कहा कि ईरान यह उम्मीद न करे कि हमला करने के बाद इजरायल शांत रहेगा या पहले जैसी प्रतिक्रिया देगा। नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल की सेना और सुरक्षा एजेंसियां किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। नेतन्याहू ने कहा कि अब इजरायल ने अपनी रणनीति बदल दी है। अब अगर कोई देश या संगठन इजरायल को नुकसान पहुंचाएगा तो उसे कई गुना ज्यादा जवाब दिया जाएगा। इजरायल की यह चेतावनी ऐसे समय आई है जब पश्चिम एशिया में तनाव लगातार बढ़ रहा है।

### भारतीय मूल के अंतरिक्ष यात्री अनिल मेनन इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए रवाना, 8 महीने तक करेंगे शोध



भारतीय मूल के अंतरिक्ष यात्री अनिल मेनन रूस के सोयुज MS-29 अंतरिक्ष यान से इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन की अपनी पहली अंतरिक्ष यात्रा के लिए रवाना हो गए हैं। उन्होंने कजाकिस्तान के ऐतिहासिक बैकोनूर कॉस्मोड्रोम से रूसी अंतरिक्ष यात्रियों प्योत्र दुब्रोव और अन्ना किकिना के साथ उड़ान भरी। यह दुब्रोव और किकिना दोनों के लिए दूसरा मिशन होगा। उम्मीद है कि ये तीनों 2027 में पृथ्वी पर लौटने से पहले लगभग आठ महीने तक वैज्ञानिक शोध और टेक्नोलॉजी से जुड़े प्रयोग करेंगे। मंगलवार रात 8:17 बजे उड़ान भरने वाला यह अंतरिक्ष यान तीन घंटे से कुछ अधिक समय के बाद ऑर्बिटल लैबोरेटरी (कक्षीय प्रयोगशाला) से जुड़ेगा। नासा (NASA) का कहना है कि वह एडवांस्ड मेडिकल और टेक्नोलॉजी से जुड़े प्रयोगों में भी हिस्सा लेंगे, जिसमें अल्ट्रासाउंड प्रक्रियाएं शामिल हैं। इन प्रक्रियाओं में भविष्य के डीप स्पेस मिशनों के दौरान अंतरिक्ष यात्रियों की मदद के लिए ऑगमेंटेड रियलिटी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल किया जाएगा। जानकारी के अनुसार, मिशन के दौरान अनिल मेनन यह समझने के लिए महत्वपूर्ण शोध में हिस्सा लेंगे कि मानव शरीर अंतरिक्ष के माहौल में कैसे ढलता है। शोधकर्ता माइक्रोग्रैविटी (कम गुरुत्वाकर्षण) में रक्त के प्रवाह, नसों की संरचना और रक्त की बनावट का अध्ययन करेंगे। वह स्टेशन के पीने योग्य पानी का उपयोग करके इंट्रावेनस (IV) फ्लूइड बनाने के परीक्षण में भी मदद करेंगे। यह एक ऐसी नई तकनीक है जो भविष्य में चंद्रमा और मंगल ग्रह के लंबे मिशनों के लिए बहुत महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। अनिल मेनन मूल रूप से भारतीय है।

## 'सीरिया और लेबनान से सेना को हटाएं', जानें ट्रंप के आग्रह पर क्या बोला इजरायल



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले हफ्ते इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से टेलीफोन पर बातचीत के दौरान दक्षिणी सीरिया और दक्षिणी लेबनान से इजरायली सेना हटाने का आग्रह किया था। अमेरिकी न्यूज वेबसाइट एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप ने कहा कि इन क्षेत्रों में इजरायल की लगातार सैन्य मौजूदगी से पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ सकता है। रिपोर्ट में अमेरिकी और इजरायली अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि ट्रंप ने नेतन्याहू से कहा, 'वे आपको वहां नहीं चाहते। आपको अपनी सेना वापस बुला लेनी चाहिए।' एक अमेरिकी अधिकारी के मुताबिक, ट्रंप ने दक्षिणी लेबनान में तैनात इजरायली सेना के संबंध में भी यही संदेश दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह बातचीत उस दिन के एक दिन बाद हुई, जब ट्रंप ने तुर्किये में आयोजित NATO समिट के दौरान सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल-शारा से मुलाकात की थी। सम्मेलन के दौरान अमेरिका ने इजरायल और सीरिया के बीच नई सुरक्षा व्यवस्था तैयार करने की दिशा में भी पहल की।

हालांकि व्हाइट हाउस ने इस फोन बातचीत के विवरण पर कोई टिप्पणी नहीं की, लेकिन रिपोर्ट का खंडन भी नहीं किया।

एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री नेतन्याहू के बीच मजबूत संबंध हैं। उन्होंने कहा कि इजरायल हमेशा अमेरिका का करीबी सहयोगी रहा है और ट्रंप इजरायल के बड़े समर्थक होने के साथ शांति स्थापित करने के भी पक्षधर हैं। बताया जा रहा है कि नेतन्याहू ने ट्रंप के सुझाव से असहमति जताई।

उनका कहना था कि दक्षिणी सीरिया और दक्षिणी लेबनान में इजरायली सेना की मौजूदगी देश की सीमाओं की सुरक्षा के लिए जरूरी है। इजरायली प्रधानमंत्री कार्यालय ने भी बयान जारी कर कहा कि प्रधानमंत्री ने इजरायल की सीमाओं के पास 'सुरक्षा क्षेत्र' बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका पिछले कई महीनों से इजरायल और सीरिया के बीच नए सुरक्षा समझौते की कोशिश कर रहा है।

## होर्मुज में टकराव चरम पर! अमेरिकी नाकाबंदी और ईरान की चेतावनी से गहराया संकट



स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुज़रने की कोशिश कर रहे जहाजों पर ईरान के हमलों के जवाब में जहां अमेरिका ने एक बार फिर ईरान के खिलाफ नौसैनिक नाकाबंदी लागू कर दी है वहीं एयर स्ट्राइक का अभियान भी तेज कर दिया। इस दौरान एयर स्ट्राइक में ईरान के सात सैनिकों के मारे जाने और 260 से ज्यादा के घायल होने की खबर है। ईरानी अधिकारियों ने इस हमले की पुष्टि करते हुए बताया कि अमेरिकी हमलों में ईरान की सेना की एक बैरक पर निशाना साधा गया। वहीं ईरान ने मिडिल ईस्ट से एनर्जी एक्सपोर्ट को रोकने की धमकी दी है।

इससे एक बार फिर वैश्विक ऊर्जा संकट गहराता हुआ नजर आ रहा है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (CENTCOM) के मुताबिक सात घंटे तक चले अमेरिकी अभियान में ईरान के कई सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। इनमें सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में 388वीं मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री ब्रिगेड की बैरक भी शामिल है। ईरानी अधिकारियों के मुताबिक इस हमले में कम से कम सात सैनिक मारे गए, जबकि देशभर में 260 से अधिक लोग घायल हुए हैं। हाल के दिनों में कुल 30 से अधिक लोगों की मौत होने का भी दावा किया गया है। उधर, ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए बहरीन, कुवैत और जॉर्डन की दिशा में मिसाइल और ड्रोन दागे। इन देशों में अमेरिकी सैन्य ठिकाने मौजूद हैं। जॉर्डन ने दावा किया कि उसने तीन मिसाइलों को हवा में ही मार गिराया। दरअसल, अमेरिका ने सबसे पहले अप्रैल में ईरान के खिलाफ नाकेबंदी लागू की थी और फिर पिछले महीने अंतरिम समझौते पर साइन करने के बाद इसे हटा लिया था। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज़ को लेकर लड़ाई तेज़ होने के कारण ये बातचीत रुक गई है।

## बिटकॉइन 'हराम' है! पाकिस्तान के मौलाना ने जारी किया फतवा, जानें क्या हो सकता है उसका असर



आपको बता दें कि पाकिस्तान जब खुद को क्रिप्टो करेंसी के लिए इस दुनिया में एक अनुकूल देश साबित करने में लगा हुआ है और क्रिप्टो को बढ़ावा देने में लगा हुआ है, ठीक उसी समय एक मौलाना के कारण पाकिस्तान के इस योजना में रुकावट आ गई है। दरअसल पाकिस्तान के सबसे प्रभावशाली मौलानाओं में से एक मुफ़्ती मुहम्मद तकी उस्मानी ने क्रिप्टो करेंसी को इस्लाम में हराम बताते हुए फतवा जारी कर दिया। उन्होंने बिटकॉइन, इथेरियम और स्टेबलकॉइन्स समेत क्रिप्टोकरेंसी की ट्रेडिंग को इस्लामिक कानून के तहत 'हराम' घोषित कर दिया। आइए आपको बताते हैं कि फतवा में क्या कुछ कहा गया है। आपको बता दें कि पाकिस्तान के कराची में स्थित दारुल उलूम कराची के मुख्य इस्लामी विद्वान मुफ्ती मोहम्मद तकी उस्मानी ने क्रिप्टो करेंसी को हराम बताते हुए इसके खिलाफ फतवा जारी कर दिया है। उन्होंने बिटकॉइन के साथ एथेरियम और USDT और अन्य सभी स्टेबलकॉइन को हराम बताया है। इसके संबंध में उन्होंने एक फतवा जारी किया है जिसे कई दूसरे इस्लामिक विद्वानों का भी समर्थन मिला है। बता दें कि उस फतवे में कहा गया है कि इस्लामिक शरिया के तहत इस तरह की डिजीटल प्रोपर्टी या फिर धन की खरीद या फिर बिक्री की इजाजत नहीं है। उस फतवे में आगे कहा गया है कि क्रिप्टोकरेंसी, वर्चुअल करेंसी, टोकन या फिर स्टेबलकॉइन हो, यह सब डिजीटल प्रोपर्टी की एक ही श्रेणी में आते हैं और नाम बदल देने से धार्मिक फैसला नहीं बदलता है और इसी कारण यह फैसला बिटकॉइन के साथ ही साथ दूसरे क्रिप्टो करेंसी पर भी लागू होता है। आइए अब यह समझने की कोशिश करते हैं कि मौलाना की तरफ से बिटकॉइन को हराम बताते हुए जो फतवा जारी किया गया है, उसका असर ट्रंप और पाकिस्तान पर कैसे हो सकता है। आपको बता दें कि ट्रंप और उनके परिवार ने क्रिप्टो करेंसी के जरिए पैसे कमाने के लिए WLF यानी वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल नाम की एक कंपनी बनाई और यह कंपनी ट्रंप, उनके परिवार के लोग और कुछ करीबी पार्टनर चलाते हैं। यह भी जान लीजिए कि इस कंपनी का मेन प्रोडक्ट USD1 नाम का डॉलर पेग्ड स्टेबलकॉइन है। अब पाकिस्तान ने इसी साल की शुरुआत यानी जनवरी में WLF की सहयोगी कंपनी SC फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी के साथ एक समझौता किया था और उस समझौते में WLF का प्रोडक्ट यानी USD1 स्टेबलकॉइन पाकिस्तान में क्रॉस-बॉर्डर पेमेंट्स की बात कही गई थी और कंपनी के CEO जैक विटकॉफ ने इस्लामाबाद में इस डील को पक्का किया था। फतवा जारी होने के बाद बड़ी आबादी क्रिप्टो को हराम समझकर इसका यूज करने से दूरी बना सकती है।

## कौन हैं जयपुर से कनेक्शन वाली रिद्धि चौहान? जो 17 साल की उम्र में अमेरिकन नेवी जूनियर रिजर्व ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉर्प्स में बनीं बटालियन कमांडर



17 साल की जिस उम्र में ज्यादातर बच्चे स्कूल जा रहे होते हैं, उस आयु में अमेरिका के न्यूयॉर्क में रहने वाली भारतीय मूल की रिद्धि चौहान, नेवी जूनियर रिजर्व ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉर्प्स में बटालियन कमांडर के रूप में 300 कैडेट का नेतृत्व कर रही हैं। यह इस प्रोग्राम में स्टूडेंट्स के लिए सबसे ऊंचा पद है। रिद्धि चौहान ने क्वींस के बेंजामिन एन. कार्डोजो हाई स्कूल में पढ़ती हैं। रिद्धि चौहान की माता का नाम रुचिका और उनके पिता दिलीप चौहान हैं। उनकी फैमिली मूल रूप से राजस्थान की राजधानी जयपुर के रहने वाला है। हालांकि, अब रिद्धि चौहान अपने माता-पिता के साथ न्यूयॉर्क में रहती हैं। उनकी बहन का नाम काहिनी गुप्ता चौहान हैं, जो मेडिकल के पेशे में काम करती हैं। रिद्धि चौहान अब नेवल एकेडमी प्रिपरेटरी स्कूल में जाने की तैयारी कर रही हैं, जो यूनाइटेड स्टेट्स नेवल एकेडमी तक पहुंचने का एक महत्वपूर्ण कदम है। जान लें कि NJROTC एक लीडरशिप प्रोग्राम है जिसको US नेवी का सपोर्ट मिला हुआ है।

यह अमेरिका के हाई स्कूलों में चलाया जाता है। यह प्रोग्राम अनुशासन, टीमवर्क और चरित्र निर्माण पर फोकस करता है। रिद्धि चौहान का मानना है कि उन्होंने स्कूल में योगदान देने का एक सार्थक तरीका खोजने और अपनी लीडरशिप स्किल्स को बेहतर बनाने के लिए इसमें भाग लिया। यही एक्सपीरियंस आगे चलकर नेवल ऑफिसर बनने के उनके सपने को पूरा करने में मदद करेगा। नेवी जूनियर रिजर्व ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉर्प्स में बटालियन कमांडर के ऊंचे पद तक पहुंचने के लिए रिद्धि ने एकेडमिक कमांडर, STEM कमांडर, प्लाटून लीडर और इंस्पेक्शन कमांडर जैसे पदों पर अहम जिम्मेदारी निभाई है। एकेडमिक कमांडर के रूप में, रिद्धि चौहान ने अपने स्कूल की टीम को लगातार 2 साल 'लीडरशिप एंड एकेडमिक बाउल' के दूसरे चरण तक पहुंचाने और नेशनल एकेडमिक एग्जाम में पहला नंबर दिलाने में कामयाबी पाई। STEM कमांडर के रूप में काम करते हुए रिद्धि चौहान ने कैडेट्स का नेतृत्व किया और यूनिट का पहला 'सी-पर्च' अंडरवॉटर रोबोट शुरू से तैयार करवाया।

## 'रिपब्लिक ऑफ बलोचिस्तान' का बड़ा दावा, 85% इलाके पर किया नियंत्रण, राष्ट्रीय गान और खुद की करेंसी भी अपनाई

रिपब्लिक ऑफ बलोचिस्तान के नाम से जारी एक बयान में दावा किया गया है कि उसने बलोचिस्तान के 85 प्रतिशत क्षेत्र पर नियंत्रण स्थापित कर लिया है।

स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। बयान के अनुसार, बलोचिस्तान ने अपनी स्वतंत्रता की घोषणा करते हुए राष्ट्रीय गान 'मा चुकैन बलोचानी' (Ma Chukain Balochani), राष्ट्रीय ध्वज और 'बलोची फालुस' (Balochi Falus) नाम की करेंसी अपनाने का दावा किया है।

बलोच सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता, पत्रकार और मानवाधिकार समर्थक मीर यार बलोच ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पत्र शेयर किया है।

इस पत्र में यह भी दावा कहा गया है कि बलोच सुरक्षा एवं रक्षा बल अब क्षेत्र का प्रशासन संभाल रहे हैं।

साथ ही दावा किया गया है कि सोने और तांबे की खदानों, 150 से अधिक गैस क्षेत्रों और 1,200 से ज्यादा कोयला खदानों पर उनका नियंत्रण है। दावे के मुताबिक, बलूचिस्तान की सेना, नौसेना, वायु सेना और नागरिक प्रशासन के 5,00,000 कर्मियों का बल 2026 के अंत तक पाकिस्तान की कब्जा करने वाली सेनाओं को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार है।

हालांकि, बयान में स्वीकार किया गया है कि उनके पास लड़ाकू विमान, टैंक, मिसाइल या भारी हथियार नहीं हैं। साथ ही बयान में यह भी दावा किया गया है कि बड़ी संख्या में बलोच और कुछ पश्तून समुदाय के लोग पाकिस्तान की सेना, पुलिस, फ्रंटियर कॉर्प्स और लेवीज से इस्तीफा दे रहे हैं। इससे दुनिया को एक साफ संदेश जाता है।

## अमेरिका में जग्गू भगवानपुरिया गैंग के गैंगस्टर पर बड़ा एक्शन, FBI ने मोस्ट वांटेड लिस्ट में किया शामिल







अमेरिकी एजेंसियों ने गैंगस्टर्स पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। दरअसल, FBI ने जग्गू भगवानपुरिया गैंग से जुड़े गैंगस्टर नीतीश कौशल को अपनी Most Wanted List में शामिल कर लिया है। जान लें कि नीतीश कौशल पर अमेरिका में अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध सिंडिकेट का सक्रिय सदस्य होने का आरोप है। FBI के अनुसार, गैंगस्टर नीतीश कौशल सिंडिकेट हत्या, अपहरण, ड्रग तस्करी, रंगदारी, हथियारों की तस्करी, मनी लॉन्ड्रिंग और मानव तस्करी जैसी वारदातों में शामिल रहा है। जांच एजेंसियों के मुताबिक, जग्गू भगवानपुरिया गैंग के ऑर्गेनाइज्ड क्राइम ग्रुप की शुरुआत पंजाब से हुई और इसका नेटवर्क अमेरिका के कैलिफोर्निया समेत कई देशों तक फैला हुआ है। आरोप है कि नीतीश कौशल ने जग्गू भगवानपुरिया गैंग के लिए अपहरण, हमला और अन्य हिंसक वारदातों को अंजाम दिया है। 25 जून, 2026 को अमेरिका के सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट ऑफ कैलिफोर्निया की संघीय अदालत ने नीतीश कौशल के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। उस पर Racketeer Influenced and Corrupt Organizations Conspiracy के तहत मामला दर्ज किया गया है। इससे पहले, FBI के Operation Hard Ball के तहत अमेरिका, कनाडा और यूरोप में जग्गू भगवानपुरिया गैंग के खिलाफ बड़े पैमाने पर छापेमारी और कार्रवाई की गई थी। अमेरिकी एजेंसियां अब जग्गू भगवानपुरिया गैंग के अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क पर लगातार शिकंजा कस रही हैं। गौरतलब है कि FBI ने इंटरनेशनल क्राइम सिंडिकेट के खिलाफ चलाए जा रहे अपने अभियान को 'Operation Hard ball' नाम दिया है।

## भारत-UK FTA, व्यापार समझौतों का 'न्यू गोल्ड स्टैंडर्ड': ब्रिटिश उच्चायुक्त

भारत में ब्रिटेन की उच्चायुक्त लिंडी कैमरन ने भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लागू होने को दोनों देशों के संबंधों में एक "ऐतिहासिक क्षण" बताया। उन्होंने कहा कि यह समझौता व्यापार, निवेश, रोजगार और आर्थिक सहयोग के नए अवसर खोलेगा तथा दोनों देशों की साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। समझौते के लागू होने पर आयोजित प्रेस वार्ता में कैमरन ने कहा कि भारत-यूके एफटीए आज से प्रभावी हो गया है। उन्होंने इसे आधुनिक भारत-ब्रिटेन संबंधों के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा, "इससे लंबे समय में दोनों देशों के बीच वार्षिक द्विपक्षीय व्यापार में 25 अरब पाउंड से अधिक की वृद्धि होने की संभावना है, जबकि दोनों देशों की संयुक्त जीडीपी में लगभग 5 अरब पाउंड का इजाफा हो सकता है।" उन्होंने कहा कि इस समझौते से आयात शुल्क में कमी, बाजार तक बेहतर पहुंच और कारोबार करने की प्रक्रिया आसान होने से छोटे-बड़े सभी व्यवसायों को लाभ मिलेगा। कैमरन ने बताया कि नए कोटा सिस्टम के तहत ब्रिटेन में निर्मित प्रीमियम कारों पर भी आयात शुल्क धीरे-धीरे कम होगा, जिससे प्रतिष्ठित ब्रिटिश ऑटोमोबाइल ब्रांड भारतीय ग्राहकों के लिए अधिक किफायती बनेंगे।

उन्होंने इस समझौते को "व्यापार समझौतों का नया गोल्ड स्टैंडर्ड" बताते हुए कहा कि यह अब तक दोनों देशों के बीच सबसे व्यापक मुक्त व्यापार समझौता है। इसमें वस्तुओं, सेवाओं, सरकारी खरीद और अन्य क्षेत्रों से जुड़े 30 चैप्टर्स शामिल हैं।

# SPORTS NEWS

## Didier Deschamps criticises referee ruling as France's World Cup dream gets shattered

French coach Didier Deschamps questioned the refereeing during the FIFA World Cup 2026 semifinal against Spain, as the Les Bleus' run in the tournament came to a heartbreaking end. France were defeated 0-2 at the Dallas Stadium as La Roja displayed stellar defensive prowess to enter their second final. Under Deschamps, France had lit up the tournament on their way to the semi-finals, scoring 16 goals in six matches and earning comparisons to some of the best sides in World Cup history. Despite strong performances in the tournament, France's dreams of a third World Cup title have been shattered after a dominant Spanish performance. Deschamps, the current manager of the Les Bleus, will step down after the tournament and has the third-place playoff left to officiate in. He came down hard on the refereeing, criticising the penalty Spain were awarded in the first half, which Mikel Oyarzabal later converted.

## Kylian Mbappe speaks on France's World Cup semifinal loss to Spain, rues technical and tactical blunders




Kylian Mbappe spoke on the tactical errors and technical flaws that saw them face a 0-2 loss to Spain in the FIFA World Cup 2026 semifinal on Wednesday (IST). Mbappe rued that the Les Bleus were outclassed in the midfield against La Roja as they lacked in numbers against a Spanish triumvirate of Rodri, Dani Olmo and Fabian Ruiz. Mbappe and France were denied a third straight entry into the final as the French captain revealed his frustration. "I don't think we played the match we wanted to play – whether tactically, technically, or in terms of our overall performance level," Mbappe said as quoted by French broadcaster M6. "And when you don't do what you're supposed to do in a World Cup semifinal, you don't win. Our goal was to press them high up the pitch to prevent them from settling into that slow, controlled rhythm – because when it comes to controlling the game, they are better than us. We failed to do that," the Real Madrid star added. France were the most complete team on paper and the favourites to win the World Cup, but they were outclassed by a robust French defence and midfield. Mbappe admitted that La Roja outnumbered them in the midfield.

## Axar Patel joins Rohit Sharma, Jasprit Bumrah in elite record list after earning POTM against England



India defeated England by six wickets in the first ODI of the three-match series at Edgbaston as Axar Patel's produced a stellar all-round performance. His four-wicket haul and a fifty propelled India to return to winning ways in the UK after seven winless T20I games, and it will now give them plenty of confidence ahead of the remaining two ODIs. Axar, who was himself under the scanner for his recent performances, starred in the series opener. The left-arm spin-bowling all-rounder removed the wagging lower middle-order and the tail to take 4/62 before he starred with the bat too. India were in dire need of some stability, and that's when Axar stood up in the chase. His batting was under heavy scrutiny in white-ball cricket, but the southpaw played an important knock to bail India out of trouble. He made an unbeaten 57 runs off 52 balls, guiding the chase alongside Washington Sundar, who was equally effective with the bat. The Chennai-born added an unbeaten 52 runs as India got the job done with 28 balls remaining. Axar Patel entered an elite list when he received the Player of the Match award for his outstanding all-round performance in the first ODI against England. With this, he became the fourth Indian player to win this award against England in all three formats. Rohit Sharma, Jasprit Bumrah, and Kuldeep Yadav achieved this feat before Axar Patel achieved the milestone.

## Rodri can become first Spain player to achieve historic feat that even Xavi, Iniesta, Ramos couldn't



Spain midfielder Rodri is on the verge of entering football's most exclusive club that features the likes of Lionel Messi, Zinedine Zidane, Kaka and Ronaldinho, among six others. He needs to win the FIFA World Cup now and with that, Rodri could become the first player from the country to win the World Cup, Ballon d'Or and the Champions League. Notably, no Spanish footballer has completed the remarkable treble despite the nation producing several of the greatest players of the modern era. Legends such as Xavi Hernandez, Andres Iniesta and Sergio Ramos all lifted major international and club trophies during their careers but never combined them with football's biggest individual award. Rodri already has two parts of the achievement secured. He won the UEFA Champions League with Manchester City in 2023 and was awarded the Ballon d'Or in 2024 after a remarkable season that also included success with Spain at the European Championship. The 30-year-old now needs only a World Cup title to join an elite group of footballers. Rodri moved Spain closer to that milestone after producing a commanding display in the World Cup semi-final against France. The 2010 champions defeated the tournament favourites 2-0, with Mikel Oyarzabal scoring from the penalty spot and Pedro Porro adding the second goal. The Luis de la Fonte side dictated the play throughout the 90 mins and didn't allow France any space for a possible comeback. Rodri played a crucial role in controlling the match. He was controlling the tempo of the gam and limiting France's attacking threat. Alongside Fabian Ruiz, the midfielder decimated France, who looked clueless in the middle. Meanwhile, Spain's journey to the final has underlined their consistency throughout the tournament. Their defensive discipline has been commendable, with the team conceding only one goal so far in the FIFA World Cup 2026. They kept clean sheets against attacking powerhouses such as Portugal and France, which proves their mettle. Next up, the team will face the winner of England vs Argentina, who will contest against each other in the second semi-final in the early hours of July 16. Spain midfielder Rodri stands on the brink of achieving one of the rarest feats in football history. Rodri is also on course to become the first Spanish footballer to complete that remarkable treble.

## Carlos Alcaraz to miss Canada Open too, what's his injury status after missing French Open, Wimbledon?



Carlos Alcaraz is closing in on a return to the ATP Tour after months away from competition. The seven-time Grand Slam winner missed the Roland Garros, Wimbledon, alongside several ATP tours on the tennis calendar, due to a wrist injury he suffered in April during Barcelona Open, but as per reports, he is close to regaining full fitness and could be back in action before the US Open. Renowned sports physician Angel Ruiz-Cotorro recently evaluated his wrist and according to reports, the assessment produced encouraging results. Alcaraz's medical team is also satisfied with the progress of his rehabilitation. The report said his wrist is now healthy and fully recovered and medical clearance is expected in the near future as his intensity in training continues to increase.

Meanwhile, Alcaraz's absence from the entry list for the Canadian Open in Montreal had raised fresh questions about his recovery. However, reports from Spain have maintained that skipping the tournament was part of a planned rehabilitation strategy rather than the result of any setback. Alcaraz started the year by lifting Australian Open.

## India and Pakistan can meet each other three times in ODI World Cup 2027; here's how



Two Asian powerhouses and two fierce rivals, India and Pakistan, might be facing each other as many as three times in the upcoming ODI World Cup 2027. This comes after the International Cricket Council (ICC) changed the format for the upcoming global showpiece in South Africa, Zimbabwe and Namibia next year. The format keeps 14 teams playing the World Cup, a decision which the ICC took in June 2021 to increase the number of sides for the 50-over showpiece. The last two ODI World Cups featured 10 teams each. However, there are a couple of major additions to the World Cup's format with the introduction of a 'Super Series' and a 'Super Seven' stage before the semifinals and the final, all of which can see India and Pakistan meeting each other three times in the tournament.

## Ben Stokes set to return to competitive cricket after international retirement, will skip The Hundred



For the first time since announcing his international retirement, Ben Stokes will be in action on Tuesday, July 21, when Durham take on Derbyshire in the opening round of the One-Day Cup. It will be his first appearance in the format since the ODI World Cup 2023. He decided to return to domestic cricket to keep playing competitive cricket and also remains available for any opportunity to participate in overseas leagues.

Before representing his boyhood club again, Stokes said he rediscovered his enjoyment of cricket but doesn't have the same feeling for playing for England again. Meanwhile, this is not the first time Stokes will be seen playing for Durham this season. After the infamous nightclub incident following the first Test against New Zealand, the all-rounder featured against Northamptonshire during the County Championship, which gave him a chance to reconnect with the game away from the England setup.

"Being back at Durham, when I wasn't playing in the second Test, I found a new lease of life for the game, but unfortunately I just couldn't get that feeling back.

I'm very excited about the next part of what I get to do. Going back to playing for my boyhood club Durham, I'm comparing this week to that week - right now I am buzzing. But there have been moments this week that have been really tough and it just adds to everything and it makes it clear that I've made the right decision," Stokes was quoted as saying by BBC. As things stand, Stokes could also represent Durham in the County Championship before the end of the season.

Meanwhile, his return to Durham will be marked on the same day as the beginning of The Hundred.

## Kylian Mbappe stays on top in race for Golden Boot despite France's heart-breaking World Cup loss



The FIFA World Cup semifinal in Dallas ended with Spain knocking France out of the tournament as Mikel Oyarzabal and Pedro Porro's strikes powered La Roja to a 2-0 win on Tuesday (local time). Despite their stellar campaign in this World Cup, France could not make a place in the final and will now play either England or Argentina in a bronze medal match. While France won't be able to win their third World title, Kylian Mbappe still leads the race for the Golden Boot, keeping Argentina's Lionel Messi to second.The 27-year-old has one game left to play after his team's loss to La Roja in the semifinal as France wait for the loser of England and Argentina. Scheduled for Saturday in Miami, the fight would be for the third-place team and would give him one last chance to push his campaign for the Golden Boot award and add more goals to his current total of eight. Mbappe is one of the greatest players in the history of the World Cup, with 20 strikes from as many appearances. Eight of them have come at this World Cup, as he is tied with Messi but leads the Argentine legend due to having more assists. Following the two on the scoring sheet is Norway's Erling Haaland, with seven goals under his belt, but his dream for the Boot ended with Norway's exit from the World Cup.

## First time in FIFA World Cup history! Spain create huge record with 2-0 France win

Spain denied powerhouses France their third straight entry into the World Cup final after defeating the Les Bleus 2-0 in the semifinal at the Dallas Stadium on Wednesday (July 15). La Roja kept the dangerous French side, led by modern-day icon Kylian Mbappé, at bay to reach their second final, where they will face either Argentina or England. Spain's defensive prowess and precise strikes were enough to take them past the French side. Mikel Oyarzabal scored from the spot, while Pedro Porro put one into the back of the net in the 58th minute in a stellar win. Once again, Spain kept a clean sheet and have achieved a huge record in FIFA World Cups. This was the sixth time La Roja had kept a clean sheet in this World Cup, marking the first time a team has kept six clean sheets in a single World Cup edition.

# क्या ब्रेड खाने से कैंसर होता है, क्या चपाती गैस पर सेंकने से कैंसर का खतरा बढ़ता है, डॉक्टर ने बताया सच



पिछले एक दशक में दुनियाभर में कैंसर के मामले तेजी से बढ़े हैं। डॉक्टर्स की मानें तो अनहेल्दी लाइफस्टाइल, खाने पीने में की जा रही मिलावट और बढ़ता तनाव भी कैंसर का कारण बन रहा है। लेकिन कुछ लोगों के मन में कैंसर को लेकर भ्रांतियां भी हैं। लोगों को लगता है कि ब्रेड खाने से कैंसर होता है। कुछ लोगों को लगता है कि गैस पर चपाती सेंकने से गैस रोटी के अंदर चली जाती है और इससे कैंसर होता है। आइये जानते हैं इसमें कितनी सच्चाई है। रायपुर के जाने-माने कैंसर सर्जन डॉक्टर जयेश शर्मा ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर कर इसकी सच्चाई बताई है। डॉक्टर जयेश ने वीडियो में बताया कि लोगों को लगता है कि ब्रेड खाने से कैंसर होता है। चपाती गैस पर सेंकने से भी कैंसर होता है। सफेद, ब्राउन और मल्टीग्रेन ब्रेड सबसे अलग-अलग तरह के कैंसर होते हैं। डॉक्टर ने बताया कि ब्रेड से कैंसर होने के दो बड़े कारण जो लोग बताते हैं उसमें पहला है एक्रिलामाइड (acryl-amide) बनता है। एक्रिलामाइड को बहुत हाई डोज में जानवरों को देने से कैंसर होते देखा गया है। लेकिन इंसानों में इससे कैंसर होने का अभी तक कोई सबूत नहीं है। हां इसे थोड़ा कम खाएंगे तो सेहत के लिए अच्छा होगा। एक्रिलामाइड सबसे ज्यादा ब्रेड में नहीं बनता है बल्कि ये सबसे ज्यादा समोसे, कचौड़ी, फ्रेंच फ्राइज जैसी चीजों में बनता है। ब्रेड में जितनी मात्रा में एक्रिलामाइड होता है उससे लंबे समय में इंसानों में कैंसर होने का अभी तक कोई सबूत नहीं है। दूसरा शुगर स्पाइक होता है। तो शुगर स्पाइक मैदे की लगभग हर चीज के साथ होता है। खासकर जो बेक्ड आइटम होते हैं उसमें होता है। इससे मोटापा बढ़ता है और शरीर में सूजन बढ़ती है। डॉक्टर जयेश ने बताया कि अलग-अलग रंग की ब्रेड आने लगी हैं। लेकिन ब्राउन ब्रेड और सफेद ब्रेड में अंतर नहीं है, ये एक ही हैं।

# कब्ज से छुटकारा दिलाने में सहायक हो सकता है हरड़

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी, अनियमित खानपान और तनाव के कारण कब्ज एक बेहद आम समस्या बन चुकी है। पेट साफ न होने के कारण दिनभर भारीपन, गैस, एसिडिटी और सुस्ती बनी रहती है। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए लोग दवाओं का सेवन करते हैं। वहीं कुछ लोग आसान घरेलू उपाय की तालाश में बी रहते हैं। अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं और आसान घरेलू उपाय की तालाश में हैं, तो हरड़ आपके लिए बेहद फायदेमंद साबित हो सकता है। आयुर्वेद में 'हरड़' को इसका सबसे अचूक इलाज माना गया है। हरड़ को आयुर्वेद में 'विजया' भी कहा जाता है, जो पाचन तंत्र को दुरुस्त कर कब्ज को जड़ से खत्म करता है। ऐसे में यहां जान लें इसे इस्तेमाल करने का सही तरीका क्या है। हरड़ में नेचुरली लैक्सेटिव गुण पाए जाते हैं। यह आंतों की कार्यप्रणाली को उत्तेजित करती है और मल त्याग को आसान बनाता है। इसके अलावा, हरड़ पेट की पाचक अग्नियों को तीव्र करती है, जिससे खाना पचाना आसान हो जाता है और कब्ज की समस्या से हमेशा के लिए छुटकारा मिल जाता है। कब्ज से राहत पाने के लिए हरड़ का उपयोग सही समय और सही मात्रा में इस्तेमाल करना बेहद जरूरी है।

इसके लिए आधा छोटा चम्मच हरड़ का चूर्ण लें। इसे रोज रात को सोने से पहले एक गिलास गुनगुने पानी के साथ निगल लें। यह रातभर आंतों की सफाई करता है और सुबह पेट पूरी तरह साफ हो जाता है। यदि आपको चूर्ण का स्वाद पसंद न आए, तो आप हरड़ के पाउडर को थोड़े से गुड़ के साथ मिलाकर छोटी-छोटी गोलियां बना सकते हैं। रात के भोजन के आधे घंटे बाद एक गोली गुनगुने पानी से लें। अगर कब्ज बहुत पुरानी या गंभीर है, तो रात में त्रिफला चूर्ण का सेवन फायदेमंद हो सकता है।

# महिलाओं में कोलन कैंसर के शुरुआती लक्षण क्या हैं, नजरअंदाज करना पड़ सकता है भारी



कोलन कैंसर आमतौर पर उम्र बढ़ने पर होने वाली समस्या थी, लेकिन पिछले कुछ सालों में युवाओं में कोलन कैंसर के मामले भी काफी बढ़ रहे हैं। इसकी शुरुआत आमतौर पर कोलन के अंदर बनने वाले छोटे-छोटे कोशिकाओं के गुच्छों से होती है जिन्हें पॉलीप्स कहते हैं। पॉलीप्स आमतौर पर कैंसरयुक्त नहीं होते हैं, लेकिन समय के साथ कुछ पॉलीप्स कोलन कैंसर में बदल सकते हैं। पॉलीप्स अक्सर लक्षण पैदा नहीं करते हैं। यही वजह है कि डॉक्टर आंत में पॉलीप्स की जांच के लिए नियमित स्क्रीनिंग टेस्ट कराने की सलाह देते हैं। पॉलीप्स का पता लगाकर उन्हें हटाने से आंत के कैंसर को रोकने में मदद मिलती है। कोलन कैंसर को कभी-कभी कोलोरेक्टल कैंसर भी कहा जाता है। इस शब्द में कोलन कैंसर और रेक्टल कैंसर दोनों शामिल हैं, जो मलाशय में शुरू होता है। एम्स ट्रेंड डॉक्टर और गैस्ट्रोलॉजिस्ट डॉक्टर सौरभ सेठी ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है जिसमें वो बता रहे हैं कि युवा महिलाओं में कोलन कैंसर का खतरा तेजी से पनप रहा है। इसके कई कारण हैं जो आपकी लाइफस्टाइल से जुड़े हैं। कई बार महिलाओं में कोलन कैंसर के लक्षण पीरियड जैसे होते हैं, जैसे क्रैम्पिंग, ब्लोटिंग, मल त्याग की आदतों में बदलाव हो सकता है। लंबे समय तक महिलाएं इन लक्षणों को नजरअंदाज करती रहती है जो धीरे-धीरे कोलन कैंसर में तब्दील हो जाता है। जब तक महिलाएं समझ पाती हैं तब तक 4 में से 3 महिलाओं का कैंसर एडवांस स्टेज में पहुंच चुका होता है। युवा पीढ़ी में कोलन कैंसर का खतरा बढ़ाने का बड़ा कारण अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड को माना जा रहा है। हाई प्रोसेस्ड खाना आंतों में माइक्रोबायोम डायवर्सिटी को नुकसान पहुंचाता है और आंतों में सूजन पैदा करता है। इससे कैंसर के पनपने का खतरा बढ़ता है। रिपोर्ट्स में सामने आया है कि 2013 से कोलन कैंसर का खतरा 3 % हर साल बढ़ा रहा है। कोलन कैंसर पनपने का एक और बड़ा कारण फाइबर की कमी हो भी माना जा रहा है। ज्यादातर महिलाएं अपने दिनभर के फाइबर इनटेक का 15 % ही लेती हैं। जबकि कोलन में मौजूद बैक्टीरिया को करीब 25% फाइबर की जरूरत होती है। फाइबर की कमी आंतों को नुकसान पहुंचाती है और इससे कैंसर का खतरा बढ़ता है। कार्टिसोल के स्तर बढ़ने से आंतों में सूजन आने लगती है, जिससे आंतों के माइक्रोबायोम और कोलन लाइन भी प्रभावित होती है।

# मानसून में इन फूड्स से रहें दूर, नहीं तो पड़ सकते हैं बीमार, जानें Monsoon में कैसे रखें सेहत का ध्यान



आसमान में छाए काले बादल और रिमझिम बारिश का मौसम अमूमन हर किसी को सुहावना लगता है। लेकिन यह मौसम अपने साथ कई तरह के बैक्टीरिया, वायरस और फंगल इंफेक्शन भी लेकर आता है। मानसून में हमारी पाचन शक्ति कमजोर हो जाती है, जिससे फूड पॉइजनिंग और पेट दर्द की समस्याएं बढ़ जाती हैं। इस मौसम में खुद को फिट रखने के लिए आपको अपनी डाइट का बेहद खास ध्यान रखने की जरूरत होती है। इस मौसम में लोगों का मन अक्सर कुछ चटपटा खाने का करता है। लेकिन मानसून में कुछ चीजों का सेवन आपको बीमार बना सकता है। यहां हम आपको कुछ ऐसे फूड्स के बारे में बताने जा रहे हैं जिनका सेवन मानसून में आपके लिए मुसीबत खड़ी कर सकता है। बारिश के मौसम में गोलगप्पे, चाट और पकौड़े खाने का मन सबसे ज्यादा करता है। लेकिन खुले में मिलने वाले इन फूड्स में बैक्टीरिया का खतरा सबसे अधिक होता है। इनमें इस्तेमाल होने वाला पानी और तेल दूषित हो सकता है, जिससे टाइफाइड या डायरिया जैसी समस्याएं हो सकती है। ऐसे में इन फूड्स से दूरी बनाएं। पालक, पत्तागोभी और मेथी जैसी हरी पत्तेदार सब्जियां वैसे तो सेहत के लिए बेहद फायदेमंद मानी जाती है, लेकिन मानसून में इनमें कीड़े और बैक्टीरिया पनपने की संभावना बहुत ज्यादा होती है। नमी के कारण इन्हें साफ करना मुश्किल होता है। बारिश का मौसम मछलियों और अन्य समुद्री जीवों के प्रजनन का समय होता है। इस दौरान सी-फूड खाने से फूड पॉइजनिंग और पेट इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। बाजार में मिलने वाले पहले से कटे हुए फल और जूस पीने से बचें। हवा में मौजूद नमी के कारण कटे हुए फलों पर बैक्टीरिया बहुत जल्दी हमला करते हैं। इस मौसम में वॉटर-बॉर्न बीमारियों का खतरा सबसे ज्यादा होता है। हमेशा पानी को उबालकर या फिल्टर करके ही पिएं। अपनी डाइट में अदरक, तुलसी, काली मिर्च और लौंग से बनी हर्बल चाय शामिल करें। यह आपकी इम्यूनिटी को बूस्ट करेगी। घर पर बना गर्म और सुपाच्य भोजन ही खाएं। खिचड़ी, सूप और उबली हुई सब्जियां इस मौसम के लिए बेस्ट हैं। अगर आप सब्जियां बना रहे हैं, तो उन्हें गुनगुने पानी में थोड़ा नमक या सिरका डालकर अच्छी तरह साफ करें। फिर सब्जियां बनाएं।

# बाल भी बांका नहीं कर पाएगी डायबिटीज, डाइट में शामिल कर लीजिए ये काढ़ा

खराब लाइफस्टाइल और अनहेल्दी डाइट प्लान को फॉलो करने की वजह से डायबिटीज के मामले बढ़ते जा रहे हैं। भारत में डायबिटीज के बढ़ते मामले वाकई में चिंता का विषय हैं। अगर आप भी इस साइलेंट किलर बीमारी का शिकार बन चुके हैं तो आपको गिलोय का काढ़ा पीना शुरू कर देना चाहिए।

वहीं, अगर आप इस बीमारी की चपेट में नहीं आए हैं और आगे भी इस बीमारी से खुद को बचाए रखना चाहते हैं तो भी आपको इस काढ़े को अपनी डाइट में शामिल कर लेना चहिए। गिलोय का काढ़ा पीकर आप डायबिटीज समेत कई बीमारियों की छुट्टी कर सकते हैं। गिलोय का काढ़ा आपके ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल कर डायबिटीज को काफी हद तक मैनेज कर सकता है। अगर आप भी गिलोय का नाम सुनते ही मुंह बनाने लगते हैं, तो इसके काढ़े के फायदों के बारे में जानकर आप भी इसे अपनी डाइट का हिस्सा बना लेंगे। आयुर्वेद के मुताबिक गिलोय का काढ़ा डायबिटीज पेशेंट्स के लिए वरदान साबित हो सकता है। गिलोय का काढ़ा बनाने के लिए गिलोय की बेल की डंडी या फिर पाउडर, अदरक और पुदीने को मिक्सी में पीसकर एक पेस्ट बना लीजिए।

इसके बाद नीम की पत्तियों को धोकर गर्म पानी में अच्छी तरह से बॉइल कर लीजिए। अब मिक्सी में पीसे गए पेस्ट को नीम की पत्तियों के बॉइल्ड पानी में मिला लीजिए। इसके बाद इस पानी में सेंधा नमक और काली मिर्च डालकर काढ़े को छान लीजिए। गिलोय के काढ़े में एंटी-वायरल, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-ऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं।

# गैस के दर्द से हो गए हैं परेशान, तो अपना लीजिए दादी-नानी के ये घरेलू नुस्खे

एक्सपर्ट के मुताबिक खराब गट हेल्थ की वजह से आपकी ओवरऑल हेल्थ भी बुरी तरह से डैमेज हो सकती है। इसलिए आपको भी अपनी गट हेल्थ को मजबूत बनाए रखने की कोशिश में जुट जाना चाहिए। कुछ लोगों के पेट में अक्सर गैस पैदा हो जाती है जिसकी वजह से उन्हें पेट दर्द का सामना भी करना पड़ता है। अगर आप भी पेट की गैस से छुटकारा पाना चाहते हैं तो कुछ नेचुरल उपायों को जरूर अपनाएं, आपको खुद-ब-खुद पॉजिटिव असर दिखाई देने लगेगा। गैस की समस्या से तुरंत राहत पाने के लिए आप हींग का इस्तेमाल कर सकते हैं। हींग का सेवन करके गैस की वजह से पेट में होने वाले दर्द से भी आपको तुरंत छुटकारा मिल सकता है। हींग की मदद से आप पेट से जुड़ी तमाम समस्याओं को जड़ से खत्म कर सकते हैं। अजवाइन में पाए जाने वाले तमाम तत्व आपकी गट हेल्थ के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकते हैं। गैस की समस्या को दूर भगाने के लिए दादी-नानी के जमाने से अजवाइन का इस्तेमाल किया जा रहा है। अजवाइन में मौजूद थाइमोल तत्व आपके डाइजेस्टिव सिस्टम को इम्प्रूव करने में मददगार साबित हो सकता है। सौंफ में पाए जाने वाले तत्व आपकी पाचन शक्ति को बढ़ाने में कारगर साबित हो सकते हैं।

# स्तनपान के लिए कौन सी पोजीशन सबसे ज्यादा फायदेमंद, नई-नई मां बनी महिलाओं को पता होना चाहिए

शिशु को सही पोजीशन में स्तनपान कराना बेहद जरूरी है। ब्रेस्टफीडिंग की सही पोजीशन से शिशु के साथ-साथ मां को भी ढेर सारे फायदे मिल सकते हैं। वहीं, अगर आपने ब्रेस्टफीडिंग की पोजीशन को लेकर सावधानी नहीं बरती तो शिशु को सही से पोषण नहीं मिल पाएगा। क्या आप ब्रेस्टफीडिंग की लेड-बैक पोजीशन के बारे में जानते हैं?

अगर आप भी पहली बार मां बनी हैं, तो आपको भी जान लेना चाहिए कि अक्सर लेड-बैक पोजीशन में ब्रेस्टफीडिंग की सलाह क्यों दी जाती है। इस पोजीशन में स्तनपान कराने से शिशु को मां के ब्रेस्ट के पास आने में आसानी होती है। इसके अलावा लेड-बैक पोजीशन में ब्रेस्टफीडिंग कराने से शिशु को निप्पल पकड़ने में भी आसानी होती है। इतना ही नहीं इस पोजीशन की वजह से शिशु के गिरने के खतरे को भी काफी हद तक कम किया जा सकता है। साथ ही इस पोजीशन में शिशु को दूध पिलाने से उसे दूध को डाइजेस्ट करने में भी आसानी होती है। लेड-बैक पोजीशन शिशु के दम घुटने की संभावना को भी काफी हद तक कम कर सकती है। लेड-बैक पोजीशन में ब्रेस्टफीडिंग कराने से मां को पीठ, कंधे और गर्दन में तनाव महसूस नहीं होता है यानी ये पोजीशन मां के लिए ज्यादा आरामदायक होती है। इस पोजीशन में शिशु को दूध पिलाने से मां को ज्यादा थकान भी महसूस नहीं होती। लेड-बैक पोजीशन को रिक्लाइंड या फिर लीन-ऑन-बैक पोजीशन के नाम से भी जाना जाता है। इस पोजीशन के लिए सबसे पहले कोई भी कंफर्टेबल जगह चूज कर लें। अपनी पीठ के सहारे के लिए एक तकिया भी लगा लीजिए।

# अंजीर ही नहीं उसका पानी भी है सेहत के लिए लाभकारी, मिलेंगे हैरान करने वाले फायदे

ड्राई फ्रूट्स हमारे सेहत के लिए काफी फायदेमंद है।काजू, बादाम, अखरोट, किशमिश से होने वाले लाभ किसी से छुपे नहीं हैं।लेकिन इनके आलावा एक और ड्राई फ्रूट है जो बेहद लाभकारी है। अंजीर का सेवन फल और ड्राई फ्रूट दोनों तरह से किया जाता है। आयुर्वेद के अनुसार अंजीर सेहत से जुड़ी कई समस्याओं में बेहद कारगर है। आप जनकर हैरान होंगे लेकिन सिर्फ अंजीर ही नहीं बल्कि उसका पानी पीने से भी सेहत को बेहद फायदे होते हैं।चलिए, जानते हैं किन लोगों को डाइट में अंजीर का पानी शामिल करना चाहिए?

हृदय स्वास्थ्य में सुधारः अंजीर पानी पीने का सबसे बड़ा फायदा यह है कि यह ब्लड प्रेशर के स्तर को बेहतर बनाने में मदद करता है। इससे हृदय स्वास्थ्य में सुधार होता है। इसमें मौजूद ओमेगा 3 और ओमेगा 6 फैटी एसिड्स दिल की बीमारियों से रोकथाम करते हैं।

हड्डियों को बनाए मजबूतः अंजीर के पानी में अच्छी मात्रा में कैल्शियम पाया जाता है इसीलिए अंजीर हड्डियों के लिए एक बेहतरीन टॉनिक है यह हड्डियों को मजबूत करता है और जोड़ों को स्वस्थ रखता है।

कब्ज में फायदेमंदः अंजीर को डाइट में शामिल करने से पाचन क्रिया अच्छी होती है।

# रोज़ाना वर्कआउट करने से शरीर से ये बीमारियां रहेंगी कोसों दूर



आज लाखों लोगों के गणपति विराजेंगे। करोड़ों लोग बप्पा से लंबी उम्र..खुशहाल जीवन का आशीर्वाद मांगेंगे और दानवीर गणेश जी सबकी मनोकामना पूरी भी करेंगे। तभी तो मीनाक्षी उन्हें मंगलमूर्ति-विघ्नहर्ता कहते हैं।उनका जीवन हमें त्याग-बलिदान सिखाता है लेकिन sacrifice तो दूर की बात आज लोग अपनी अच्छी सेहत के लिए गलत लाइफस्टाइल छोड़ने को भी तैयार नहीं है। जबकि आए दिन ऐसे रिपोर्ट्स आ रहे हैं जो बेहद अलार्मिंग हैं।

अब फिजिकल एक्टिविटी को ही ले लीजिए एक स्टडी के मुताबिक..देश में 20 करोड़ से ज्यादा लोग सुस्त जीवनशैली यानि बिना किसी वर्कआउट के जिंदगी जी रहे हैं और बीमारी की गिरफ्त में हैं।

ये ना सिर्फ सेहत के लिहाज से बल्कि देश की तरक्की के लिए भी सही नहीं है रिपोर्ट के मुताबिक- अगर भारतीय 2047 तक सेडेंटरी लाइफ स्टाइल छोड़ देते हैं तो ना सिर्फ हेल्दी कन्ट्री होंगे देश की GDP में भी 50 अरब डॉलर का फायदा होगा। मात्र लाइफ स्टाइल ठीक करने से कितनी तरक्की हो सकती है खासकर तब जब भारत को विकसित देशों की लिस्ट में लाने की कोशिश चल रही है।ये सपना अगर सच करना है तो जागना होगा अपनी सुस्त जीवन शैली छोड़नी होगी ताकि हेल्थ सेक्टर से लोड घटे, अच्छे प्रोफेशनल मिलें और दुनिया भर के इंवेस्टर्स भारत आएं।

# गुड़, काली मिर्च और देसी घी को आयुर्वेद भी करता है प्रणाम, जानें ये कॉम्बिनेशन किन बीमारियों का है काल?

हमारे किचन में ऐसी कई चीज़ें पाई जाती हैं जो सेहत के लिए बेहद लाभकारी हैं। जैसे- घी, काली मिर्च और गुड़ इन तीनों का कॉम्बिनेशन सेहत से जुड़ी कई समस्याओं को दूर करता है। आयुर्वेद के अनुसार ये मिश्रण स्वास्थ्य के लिए वरदान से कम नहीं है। जहां घी गले की खुजली को तुरंत आराम पहुंचाता है वहीं, काली मिर्च में सूजन-रोधी गुण होते हैं जो सर्दी और खांसी से लड़ने में मदद करते हैं, यह मजबूत प्रतिरक्षा के लिए भी बहुत बढ़िया है। बात करें गुड़ कि तो इसमें आयरन, मैग्नीशियम और पोटेशियम जैसे मिनरल्स होते हैं जो कई समस्याओं में लाभकारी है। तो, चलिए जानते हैं घी, गुड़ और काली मिर्च एक साथ खाने से कौन से फायदे होंगे? अगर आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है तो गुड़, काली मिर्च और घी का एक साथ सेवन करने से इम्यून सिस्टम मजबूत होता है।ये मिश्रण खांसी के इलाज में भी बेहद लाभकारी है।अगर आप लंबे समय तक एसिडिटी की समस्या से परेशान रहते हैं तो इस समस्या से राहत पाने के लिए इस मिश्रण का इस्तेमाल करें। चलिए जानते यहीं तीनों का एक साथ कैसे इस्तेमाल करना है? एक कप गर्म पानी में 1 चम्मच पिसी हुई काली मिर्च डालें। गर्म पानी और काली मिर्च के मिश्रण में 1 चम्मच घी मिलाएँ। अगर आपको मीठा पसंद है, तो आप मिश्रण में 1-2 चम्मच गुड़ मिला सकते हैं। गुड़ काली मिर्च के तीखेपन को संतुलित करने में मदद कर सकता है। सामग्री को तब तक अच्छी तरह मिलाएँ जब तक कि सब कुछ घुल न जाए। इस मिश्रण को धीरे-धीरे पिएँ, ताकि यह पाचन में सहायता करे। अपनी पसंद के अनुसार घी और गुड़ की मात्रा को समायोजित करें। इस पेय को अपनी दिनचर्या में शामिल करें, लेकिन याद रखें कि संतुलित आहार, पर्याप्त मात्रा में पानी और नियमित व्यायाम स्वस्थ पाचन को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण हैं। आयुर्वेद में घी, गुड़ और काली मिर्च के इस मिश्रण को शरीर की प्रकृति और आवश्यकता के अनुसार उपयोग करने की सलाह दी जाती है। माना जाता है कि यह संयोजन पाचन क्रिया को संतुलित रखने, गले को आराम पहुंचाने और शरीर को ऊर्जा प्रदान करने में सहायक हो सकता है। हालांकि इसका प्रभाव व्यक्ति की उम्र, स्वास्थ्य स्थिति और खानपान की आदतों के अनुसार अलग-अलग हो सकता है। काली मिर्च में पाए जाने वाले प्राकृतिक यौगिक शरीर में पोषक तत्वों के अवशोषण को बेहतर बनाने में सहायक माने जाते हैं। वहीं घी में मौजूद स्वस्थ वसा कुछ वसा-घुलनशील विटामिनों के अवशोषण में मदद कर सकती है। गुड़ शरीर को त्वरित ऊर्जा देने के साथ-साथ कुछ आवश्यक खनिज भी उपलब्ध कराता है। इन तीनों का संतुलित सेवन मौसम बदलने के दौरान होने वाली सामान्य शारीरिक असुविधाओं में लाभ पहुंचा सकता है।



# INDIA गठबंधन नहीं छोड़ेंगे, डीलिमिटेशन पर साथ मिलकर होगा फैसला: सुप्रिया सुले



मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) की कार्यकारी अध्यक्ष और एमपी सुप्रिया सुले ने NDS में शामिल होने की अटकलों को सिरे से खारिज कर दिया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि उनकी पार्टी किसी के दबाव में काम करने वाली नहीं है। सुप्रिया सुले ने साफ तौर पर कहा कि उनकी पार्टी INDIA गठबंधन का हिस्सा है और डीलिमिटेशन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर गठबंधन के सभी दल मिलकर फैसला करेंगे। सुप्रिया सुले ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अभी तक केंद्र सरकार की ओर से डीलिमिटेशन से जुड़ा कोई विधेयक या आधिकारिक प्रस्ताव उनके पास नहीं आया है। ऐसे में समर्थन या विरोध का सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने कहा कि जब भी ऐसा कोई प्रस्ताव आएगा तो INDIA गठबंधन में शामिल सभी दलों के साथ विस्तृत चर्चा के बाद पार्टी अपना रुख तय करेगी। वहीं महिला आरक्षण से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि संसद से पारित 33 प्रतिशत महिला आरक्षण कानून को पहले लागू किया जाना चाहिए। सुप्रिया के मुताबिक, न तो INDIA गठबंधन और न ही एनसीपी (एसपी) ने डीलिमिटेशन की मांग की है। सुप्रिया सुले ने यह भी खुलासा किया कि बजट सत्र के दौरान केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने उन्हें, असदुद्दीन ओवैसी और अरविंद सावंत को चर्चा के लिए बुलाया था। वहां गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। बैठक में सभी राज्यों में मौजूदा लोकसभा सीटों में 50 प्रतिशत वृद्धि के एक संभावित फॉर्मूले पर चर्चा हुई थी ताकि किसी राज्य के साथ जनसंख्या आधारित परिसीमन में किसी प्रकार का असंतुलन न हो। हालांकि बाद में आए विधेयक में इस प्रस्ताव का उल्लेख नहीं था। सुप्रिया सुले कहा कि शरद पवार के नेतृत्व में INDIA गठबंधन ने इस विषय पर सरकार को एक चिट्ठी भी लिखी थी और सर्वदलीय बैठक बुलाकर चर्चा करने की मांग की थी। उनका कहना था कि लोकतंत्र में ऐसे बड़े फैसले व्यापक सहमति से होने चाहिए। एनडीए में शामिल होने की चर्चाओं पर सुप्रिया सुले ने दोहराया कि आज की तारीख में पार्टी के भीतर ऐसा कोई प्रस्ताव या चर्चा नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी आठ सांसद एकजुट हैं और पार्टी का हर फैसला सामूहिक रूप से लिया जाएगा। एनसीपी के दोनों दलों के विलय के सवाल पर वह भावुक हो उठीं। उन्होंने कहा कि उनके भाई अजित पवार की इच्छा थी कि दोनों दल साथ आएं, लेकिन उनके निधन के बाद अब इस विषय पर कोई चर्चा नहीं है। उन्होंने कहा कि फिलहाल पार्टी का पूरा ध्यान जनता से जुड़े मुद्दों और संगठन पर है। बता दें कि महाराष्ट्र की राजनीति में मंगलवार को उस समय हलचल तेज हो गई, जब दिल्ली और मुंबई में अलग-अलग स्तर पर महत्वपूर्ण राजनीतिक बैठकें हुईं। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। वहीं, मुंबई में सीएम देवेंद्र फडणवीस की एनसीपी अजीत पवार गुट और एनसीपी शरद पवार गुट के नेताओं से मुलाकात हुई है। एक ही दिन में हुई इन मुलाकातों को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं तेज होने लगी। सुप्रिया सुले के बयान के बाद महाराष्ट्र की राजनीति में चल रही अटकलों पर फिलहाल विराम लग गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी अपने राजनीतिक सिद्धांतों और गठबंधन की सामूहिक रणनीति के अनुरूप ही आगे बढ़ेगी।

## दिल्ली में 108 स्कूल असुरक्षित चिन्हित, 7 जल्द होंगे ध्वस्त

नई दिल्ली। जांच में सामने आया है कि इन 108 में से 54 स्कूल इमारतें बेहद जर्जर हालत में हैं। इन्हें हटाने यानी ध्वस्तीकरण की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इनमें से 7 स्कूल भवनों को अगले कुछ ही महीनों में गिराया जा सकता है। जांच में सामने आया है कि इन 108 में से 54 स्कूल इमारतें बेहद जर्जर हालत में हैं। इन्हें हटाने यानी ध्वस्तीकरण की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इनमें से 7 स्कूल भवनों को अगले कुछ ही महीनों में गिराया जा सकता है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सभी पुराने स्कूल भवनों का स्ट्रक्चरल ऑडिट कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग (PWD) को मौजूदा भवनों की सुरक्षा जांच और लागत का आकलन करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। 14 अन्य स्कूल भवनों के लिए भी स्ट्रक्चरल ऑडिट के प्रस्ताव भेजे गए हैं। शिक्षा विभाग सभी स्कूल भवनों की डिजिटल प्रोफाइलिंग करेगा, जिसमें संरचनात्मक मजबूती, अग्नि सुरक्षा और अन्य सुरक्षा मानकों का आकलन होगा। सरकार जर्जर हो चुकी पुरानी इमारतों को गिराकर उनकी जगह आधुनिक और भूकंपरोधी G+4 (चार मंजिला) स्कूल भवन बनाएगी।

# पहले किया एक्सीडेंट, फिर पुलिस से हाथापाई, गुरुग्राम में बवाल काटने वाला कैब ड्राइवर गिरफ्तार



गुरुग्राम से एक हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है, जहां एक कैब ड्राइवर ने न केवल एक सड़क हादसे को अंजाम दिया, बल्कि मौके पर पहुंची पुलिस के साथ भी बदसलूकी और मारपीट की। इस पूरी घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार, गुरुग्राम की सड़कों पर एक तेज रफ्तार कैब ने एक बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गया। इस घटना को अंजाम देने वाले आरोपी की पहचान अजय कुमार के रूप में हुई है, जो बिहार के मधुबनी का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर दुर्घटना में इस्तेमाल कैब भी जब्त कर ली है और उस पर सरकारी कार्य में बाधा डालने, पुलिस से हाथापाई करने और लापरवाही से वाहन चलाने समेत कई धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। इस घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। लेकिन जैसे ही पुलिस ने आरोपी ड्राइवर को रोकने और पूछताछ करने की कोशिश की, आरोपी ने अपना आपा खो दिया। आरोप है कि उसने न केवल पुलिसकर्मियों के साथ गाली-गलौज की, बल्कि उन पर हाथ भी उठा दिया। एक पुलिसकर्मी को मुक्का मारने का भी गंभीर आरोप उस पर लगा है। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो वहां मौजूद किसी व्यक्ति ने बना लिया, जो अब इंटरनेट पर चर्चा का विषय बना हुआ है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान बिहार के मधुबनी निवासी अजय कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने दुर्घटना में इस्तेमाल की गई कैब को भी अपने कब्जे में ले लिया है। गुरुग्राम पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने, पुलिस के साथ हाथापाई करने और लापरवाही से वाहन चलाने सहित कई गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। गुरुग्राम की सड़कों पर लगातार हो रही इस तरह की घटनाएं कानून-व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े कर रही हैं।

# पश्चिम एशिया में हर भारतीय नाविक पर रहेगी 24 घंटे नजर, होर्मुज में हमलों के बाद सरकार का बड़ा प्लान

नई दिल्ली। 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' में 2 व्यापारिक जहाजों पर हुए हमलों के बाद पश्चिम एशिया में बढ़ते समुद्री सुरक्षा संकट को देखते हुए केंद्र सरकार ने भारतीय नाविकों की सुरक्षा के लिए बड़े कदम उठाए हैं। केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने समुद्री निगरानी बढ़ाने और 'सीफेरर-फर्स्ट' या नाविकों को प्राथमिकता देने की नीति लागू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्र में मौजूद हर भारतीय नाविक का पता लगाया जाएगा, चाहे वह किसी भी देश के झंडे वाले जहाज पर काम कर रहा हो। सोमवार को हुई एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में सोनोवाल ने कई अहम निर्देश दिए। सोनोवाल ने बैठक के दौरान हर जहाज की 'रियल टाइम मॉनिटरिंग', प्रत्येक प्रभावित भारतीय नाविक के लिए समर्पित संपर्क अधिकारी की नियुक्ति और विदेश मंत्रालय, भारतीय नेवी, जहाजरानी महानिदेशालय, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय तथा ईरान और ओमान स्थित भारतीय दूतावासों के साथ चौबीसों घंटे समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए। यह बैठक होर्मुज में एमटी अल बहियाह और एमटी मोम्बासा नामक 2 व्यापारिक जहाजों पर हुए हमलों के बाद बुलाई गई थी। दोनों जहाजों के कुल 46 सदस्यीय दल में 30 भारतीय नाविक शामिल थे।



# प्यार में पड़ा 17 साल का लड़का 10वीं मंजिल से गिरा, गर्लफ्रेंड की मां से बचने के लिए पाइप पर लटका था



ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर से एक बेहद दुखद और चौंकाने वाली घटना सामने आई है। लक्ष्मीसागर थाना क्षेत्र के एक बहुमंजिला अपार्टमेंट में 11वीं कक्षा के 17 वर्षीय छात्र की 10वीं मंजिल से गिरने के कारण मौत हो गई। शुरुआती जांच में सामने आया है कि छात्र अपनी दोस्त के घर उससे मिलने गया था। उसी दौरान लड़की की मां अचानक घर लौट आई। घबराहट में छात्र ने खुद को छिपाने की कोशिश की, लेकिन यही कोशिश उसकी जान पर भारी पड़ गई। मृतक की पहचान रफान खुर्शीद के रूप में हुई है। वह भुवनेश्वर के एक निजी स्कूल में 11वीं कक्षा का छात्र था। उसके पिता एक निजी बैंक में रिलेशनशिप मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। जानकारी के मुताबिक, घटना वाले दिन रफान अपनी महिला मित्र से मिलने उसके फ्लैट पर गया था। उस समय लड़की घर में अकेली थी। कुछ देर बाद लड़की की मां अचानक घर पहुंच गईं। उन्हें देखकर रफान घबरा गया और पहले बाथरूम में छिप गया। लेकिन जब उसे लगा कि वह वहां पकड़ा जा सकता है, तो उसने बाथरूम से निकलकर बिल्डिंग के डक्ट यार्ड में मौजूद पाइप के सहारे बाहर लटककर छिपने की कोशिश की। बताया जा रहा है कि रफान करीब 10वीं मंजिल की ऊंचाई पर पाइप पकड़कर कई मिनट तक लटका रहा। इसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे नीचे गिर पड़ा। इतनी ऊंचाई से गिरने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद अपार्टमेंट परिसर में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भुवनेश्वर के कैपिटल अस्पताल भेज दिया। जांच के दौरान पुलिस ने अपार्टमेंट में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली। पुलिस अब इसी फुटेज के आधार पर घटना के पूरे घटनाक्रम को जोड़ने का प्रयास कर रही है।

# राजस्थान सरकार की तिजोरी में धूल फांक रहा 64 करोड़ रुपये का सोना-चांदी, CAG की रिपोर्ट में खुलासा

**यह सोना-चांदी अलग-अलग आपराधिक मामलों में पुलिस और विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा जब्त किया गया था।**





राजस्थान के सरकारी खजाने में 64.44 करोड़ रुपये का सोना-चांदी वर्षों से पड़ा हुआ है, लेकिन उसका नियमानुसार निस्तारण अब तक नहीं हो पाया है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) की ताजा समीक्षा रिपोर्ट में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, अपराधियों से जब्त की गई और बाद में न्यायालय की ओर से राजकीय संपत्ति घोषित की गई बहुमूल्य सामग्री लंबे समय से सरकारी कोषागार में जमा है, लेकिन उसे सरकार के निर्धारित नियमों के अनुसार न तो बेचा गया और न ही उपयोग में लाया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, जयपुर स्थित राज्य के रिजर्व कोषागार में 29.011 किलो सोना और 972.747 किलो चांदी रखी हुई है। मौजूदा बाजार भाव के आधार पर इसकी अनुमानित कीमत 64.44 करोड़ रुपये आंकी गई है। इसमें सोने का मूल्य करीब 42.36 करोड़ रुपये और चांदी का मूल्य 22.08 करोड़ रुपये बताया गया है। CAG ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि यह सोना-चांदी पुलिस और विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा जब्त किया गया था।

बाद में अदालतों ने इन्हें राजकीय संपत्ति घोषित कर दिया। वित्त विभाग ने इनकी वैल्यूएशन भी करवा ली, लेकिन मई 2025 तक भी इनका निस्तारण नहीं किया गया। राजस्थान कोषागार नियमावली-2012 के नियम 122 के तहत जयपुर (शहर) को राज्य का रिजर्व कोषागार घोषित किया गया है। सामान्य और आपराधिक मामलों में न्यायालयों द्वारा राजकीय संपत्ति घोषित किए गए सोना, चांदी, हीरे और अन्य बहुमूल्य सामान यहीं जमा कराए जाते हैं। नियमों के अनुसार, पुरातात्विक महत्व की वस्तुएं पुरातत्व विभाग को सौंपी जानी चाहिए, जबकि सोना-चांदी जैसी बहुमूल्य धातुओं को मुंबई स्थित सरकारी टकसाल भेजकर शुद्ध धातु में परिवर्तित कराने के बाद उनकी बिक्री की जानी चाहिए। लेकिन CAG ने पाया कि वैल्यूएशन होने के बावजूद प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ी और करोड़ों रुपये की संपत्ति वर्षों से सरकारी तिजोरी में बंद पड़ी है। इससे न केवल नियमों के अनुपालन पर प्रश्न उठते हैं, बल्कि राज्य को संभावित राजस्व प्राप्ति भी समय पर नहीं हो पाती।

# सीएम पुष्कर सिंह धामी के मुरीद हुए कांग्रेस विधायक, मंच से की खुलकर तारीफ



गोपेश्वर। चमोली में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कार्यक्रम ने राजनीतिक हलकों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। इसकी सबसे बड़ी वजह रही बद्रीनाथ से कांग्रेस विधायक लखपत बुटोला का मंच से मुख्यमंत्री की खुलकर तारीफ करना। 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेस विधायक लखपत बुटोला ने कहा कि अक्सर यह आरोप लगाया जाता है कि विपक्ष के विधायकों के साथ भेदभाव होता है, लेकिन उनकी विधानसभा में सबसे ज्यादा विकास कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए वह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का धन्यवाद करते हैं। कांग्रेस विधायक का यह बयान ऐसे समय आया है, जब प्रदेश में विकास कार्यों को लेकर सत्ता और विपक्ष के बीच लगातार सियासी बयानबाजी चल रही है। ऐसे में सार्वजनिक मंच से मुख्यमंत्री की तारीफ को राजनीतिक तौर पर अहम माना जा रहा है। मुख्यमंत्री की सभा में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। सुबह से ही आसपास के क्षेत्रों से लोग गोपेश्वर के पुलिस मैदान पहुंचने लगे थे। कार्यक्रम स्थल पर लोगों की अच्छी-खासी भीड़ रही और मुख्यमंत्री के संबोधन के दौरान पूरा मैदान श्रोताओं से भरा नजर आया। बता दें कि अभी हाल में ही पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री के रूप में पांच साल पूरे किए हैं।

# बेलगावी में पुलिस कमिश्नर ऑफिस के पास जिमखाना क्लब में हुई गोलीबारी, हथियारों के साथ बेखौफ घूमते दिखे आरोपी

कर्नाटक के बेलगावी जिले से हैरान कर देने वाली वारदात का वीडियो वायरल हो रहा है। बेलगावी पुलिस कमिश्नर ऑफिस के पास बने जिमखाना क्लब में हत्या के प्रयास और गोलीबारी की वारदात सामने आई है। हत्या की कोशिश का यह डरावना मंजर CCTV फुटेज में कैद हो गया है। यह घटना कैंप पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में हुई। पुलिस ने CCTV फुटेज कब्जे में ले लिया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। मामले की आगे जांच चल रही है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, पांच हमलावर क्लब पहुंचे। इनमें से दो बाहर ही रुके रहे, जबकि तीन रमी क्लब के अंदर गए, जहां सुरेश जलगर नाम का व्यक्ति था। आरोप है कि हमलावरों ने जलगर को गोली मारने की कोशिश करने से पहले उनके सिर पर बंदूक से वार किया। हालांकि, बताया जा रहा है कि जलगर ने हमलावर को धक्का दिया और गोली लगने से पहले ही वहां से भागने में कामयाब हो गया। आपको बता दें कि इससे पहले कर्नाटक के चिक्कबल्लापुर जिले में भी अपराध की हैरान करने वाली वारदात सामने आई थी। यहां छेड़खानी पर इंजीनियरिंग की छात्रा ने मारा थप्पड़ तो मनचलों ने घर की महिलाओं के साथ आकर उससे मारपीट की थी। छात्रा के पेट और गर्दन पर चाकू से वार किया गया था। CCTV फुटेज में क्लब के अंदर दो हथियारबंद हमलावर बंदूकें लहराते और जलगर का पीछा करते हुए दिख रहे हैं। जलगर कुछ ही सेकंड में बाल-बाल बच गया।



स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक प्रदीप सिंह के लिए मुद्रक ताराचन्द कुमावत महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नं 17, माँ वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़ जयपुर - 302012 (राजस्थान) से मुद्रित व 1053, सोसाइटी नगर, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, पाली, राजस्थान - 306401 (राजस्थान) से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा) समाचार चयन के लिए पी.आर.पी. एक्ट के तहत जिम्मेदार I RNI No. - RJMUL/26/A4290 प्रबंध सम्पादक - प्रदीप सिंह, मो . 9983831415